वर्ष : 34 | अंक : 275 | मुंबई, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित



# DBD
# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



**राजनीति में बन रही नई केमिस्ट्री**

# दिल्ली में 'पॉवर' गेम

▸▸ महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष की दिल्ली में 'सीक्रेट' बैठक, शाह से मिले रवींद्र चव्हाण

▸▸ शरद पवार का दिल्ली में 'पावर डिनर', मिलने पहुंचे भतीजे अजित पवार

एजेंसी | नई दिल्ली

महाराष्ट्र में नगर निगम चुनाव का बिगुल बजने से पहले ही हलचल तेज है और इसका केंद्र बिंदु बना है दिल्ली। एक तरफ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने बुधवार देर रात दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सीक्रेट मुलाकात की। इस मीटिंग में शाह को राज्य के हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों और गठबंधन 'महायुति' में चल रही अंदरूनी खींचतान की जानकारी दी गई। दूसरी तरफ शरद पवार और अजित पवार मीटिंग हुई। सूत्रों के अनुसार, इस भोज के दौरान अजित पवार और शरद पवार ने बंद कमरे में करीब 20 मिनट तक बातचीत की। जानकार कह रहे हैं कि राज्य की राजनीति इस समय दो बड़े मोर्चों पर करवट ले रही है। इनमें पहला मोर्चा, बीजेपी और शिंदे सेना के बीच कम होती कड़वाहट, बढ़ती नजदीकियां, और दूसरा मोर्चा, चाचा-भतीजा की फिर से बनती केमिस्ट्री है।

### सीएम फडणवीस और उपमुख्यमंत्री शिंदे की मीटिंग

इससे पूर्व दो दिन पहले नागपुर में एक बंद कमरे में सीएम देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की एक घंटे लंबी मीटिंग हुई थी। इसी मीटिंग में 29 महानगरपालिकाओं में एक साथ चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हुआ। अब इसी राजनीतिक मेलमिलाप को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण, शिवसेना प्रमुख और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात हुई। इस बैठक का एजेंडा- मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई नगर निगम चुनावों में गठबंधन को अंतिम रूप देना था।

### महाराष्ट्र की राजनीति-दो मोर्चों पर बड़ी हलचल

एक तरफ बीजेपी और शिंदे सेना गठबंधन एक बार फिर मजबूत होता दिख रहा है। दूसरी तरफ शरद और अजित पवार के समीकरण नए संकेत दे रहे हैं। क्या यह चुनाव से पहले नए समीकरणों का संकेत है? क्या गठबंधन और रिश्ते दोनों दिशाओं में फिर से नए तरीके से लिखे जा रहे हैं? इन सवालों ने महाराष्ट्र की राजनीति को दिलचस्प बना दिया है।

### अमित शाह के हस्तक्षेप से बनी बात

नवी मुंबई को एकनाथ शिंदे अपना राजनीतिक गढ़ मानते हैं। यह ठाणे से सटा हुआ शहर है। तो वहीं भाजपा के दिग्गज कैबिनेट मंत्री गणेश नाइक और विधायक मंदा म्हात्रे का भी यहां मजबूत जनाधार है। ऐसे में गठबंधन का फॉर्मूला तय करना आसान नहीं, लेकिन बेहद जरूरी है। उधर, गुरुवार को फडणवीस के निर्देश पर चव्हाण और शिंदे की भी एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। दिल्ली में चव्हाण की अमित शाह से मुलाकात ने संकेत दे दिए हैं कि दिल्ली का भी हरी झंडी सिग्नल गठबंधन के पक्ष में है। गृह मंत्री अमित शाह के हस्तक्षेप के बाद फडणवीस और शिंदे के बीच सुलह होने की बात सामने आ रही है।

### चाचा-भतीजे की बढ़ती नजदीकियां

दूसरी तरफ, महाराष्ट्र की राजनीति का दूसरा बड़ा प्लॉट तैयार हो रहा है. यहां शरद पवार और अजित पवार की नजदीकियां बढ़ने लगी हैं. दिल्ली में अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार से मुलाकात की है. वो भी तब जब नागपुर में अधिवेशन का शीतकालीन सत्र चल रहा है. अजित पवार नागपुर से फ्लाइट लेकर दिल्ली चले गए और अपने चाचा से मिलकर उन्हें बर्थडे की बधाई दी। दोनों नेताओं के बीच पुणे, पिंपरी-चिंचवड़ और छत्रपति संभाजीनगर नगर निगमों के संभावित विलय और चुनावी रणनीति पर भी चर्चा हुई। खास बात यह है कि इससे पहले नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में दोनों राष्ट्रवादी धड़ों ने एकजुट होकर भाजपा और शिंदे सेना को कागल, चांदगढ़, कराड और कुरुंदवाड़ में सत्ता से दूर रखा था।

# 5,286 करोड़ की पूरक मांग मंजूर

*आपदा प्रभावितों के लिए केंद्र से 29,781 करोड़ की मदद की मांग*

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नागपुर

राज्य में अतिवृष्टि, बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बड़े पैमाने पर प्रभावित किसानों व नागरिकों को राहत देने के लिए राज्य सरकार ने केंद्र से 29,781 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता की मांग की है। लगातार हो रही प्राकृतिक आपदाओं से कृषि, आवास और बुनियादी ढांचे को हुए भारी नुकसान को देखते हुए सरकार ने यह प्रस्ताव भेजा है।

### विधानसभा में 75,286 करोड़ की पूरक मांग को मंजूरी

गुरुवार को विधानसभा में वर्ष 2025-26 के लिए 75,286 करोड़ 37 लाख 59 हजार रुपये की पूरक मांग को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। यह राशि महायुति सरकार द्वारा घोषित 44 हजार करोड़ रुपये के विशेष राहत पैकेज के बड़े खर्चों को पूरा करने के लिए प्रस्तावित की गई है। इस पैकेज के तहत प्रभावित किसानों को मुआवजा, राहत कार्य और पुनर्वास से जुड़ी योजनाएं लागू की जाएंगी।



### आर्थिक अनुशासन और राजस्व वृद्धि पर सरकार का फोकस

वित्त मंत्री अजित पवार ने बताया कि राज्य सरकार आर्थिक अनुशासन का कड़ाई से पालन करेगी और राजस्व बढ़ाने के लिए जीएसटी सहित अन्य स्रोतों पर फोकस बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपदाओं से निपटने और किसानों को राहत देने के लिए संसाधन जुटाना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार का मानना है कि केंद्र से मांगी गई सहायता मिलने पर राहत कार्यों की गति और व्यापकता दोनों बढ़ेंगी।

### अन्य स्रोतों से आमदनी बढ़ाने की कवायद

अजित पवार ने बताया कि राज्य सरकार वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए राजस्व बढ़ाने की दिशा में कदम उठा रही है। राज्य का लक्ष्य है कि घाटा सकल राज्य उत्पादन के 3% के भीतर रहे, जीएसटी, उत्पादन शुल्क और अन्य स्रोतों से आय बढ़ाने के लिए अतिरिक्त उपाय लागू किए जाएं, लंबित बिलों के भुगतान हेतु विशेष योजना बनाई जा रही है, उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य की आर्थिक स्थिति स्थिर बनी रहेगी।

### विभागवार निधि की मांग

सरकार ने विभागवार निधि की मांग प्रस्तुत की है, जिसके तहत राजस्व व वन विभाग के लिए 15,721 करोड़ रुपये से अधिक, सार्वजनिक निर्माण विभाग के लिए 6,347 करोड़ रुपये से अधिक और कृषि, पशुसंवर्धन, दुग्ध विकास व मत्स्य विभाग के लिए 616 करोड़ रुपये से अधिक की निधि का प्रस्ताव रखा गया है।

# कोर्ट में पेश हुए राज ठाकरे

### 2008 दंगा केस में आरोप तय

एजेंसी | नई दिल्ली

महाराष्ट्र में बीएमसी चुनावों की घोषणा से पहले मनसे प्रमुख राज ठाकरे की कानूनी चुनौतियाँ बढ़ती दिख रही हैं। गुरुवार को वह 2008 के दंगा मामले में ठाणे की अदालत में पेश हुए, जहां उन्होंने मजिस्ट्रेट के सामने खुद को निर्दोष बताया। ठाकरे की पेशी के दौरान अदालत परिसर के बाहर बड़ी संख्या में समर्थक जुटे रहे। अदालत ने 19 अक्टूबर 2008 को हुए दंगे और उम्मीदवारों व पुलिसकर्मियों पर हमले के मामले में मनसे प्रमुख समेत कई कार्यकर्ताओं पर आरोप तय किए हैं।



### अदालत में ठाकरे से पूछा गया सीधा सवाल

ठाणे कोर्ट में मजिस्ट्रेट द्वारा आरोप स्वीकारने के सवाल पर राज ठाकरे ने इसे मानने से साफ इनकार कर दिया। उनके वकील राजेंद्र शिरोडकर ने बताया कि अदालत ने अगली सुनवाई 16 दिसंबर को तय की है। ठाकरे की पेशी के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। यह सुनवाई ऐसे समय में हुई है जब मनसे की शिवसेना (यूबीटी) के साथ गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है, जिससे राजनीतिक हलचल और तेज हो गई है।

## ब्रीफ न्यूज़

### विमानों के जीपीएस स्पूफिंग के 1951 मामले आए सामने


**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने गुरुवार को लोकसभा को बताया कि नवंबर 2023 से लेकर दो वर्षों के दौरान विमानों की जीपीएस प्रणाली में हस्तक्षेप (स्पूफिंग) से जुड़ी कुल 1,951 घटनाएं दर्ज की गई हैं। हाल के दिनों में, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अमृतसर, हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई हवाई अड्डों पर जीपीएस स्पूफिंग की घटनाएं सामने आई हैं। विमान को नकली लोकेशन दिखाकर उसके रास्ते से भटकाने या गुमराह करने को 'जीपीएस स्पूफिंग' कहा जाता है।

### चंदा कोचर और चार अधिकारियों के खिलाफ केस-समन रद्द

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रमुख चंदा कोचर और बैंक के चार वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ पुणे की अदालत द्वारा 2009 में जारी किए गए समन और केस को रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा कि पुणे महानगरपालिका (पीएमसी) की शिकायत में इन अधिकारियों की कोई स्पष्ट भूमिका नहीं बताई गई थी, इसलिए उनके खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। हालांकि कोर्ट ने बैंक को राहत नहीं दी है और उसके खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।

### एलओसी हटवाने के लिए 60 करोड़ जमा करें : बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को स्पष्ट निर्देश दिया है कि यदि वे लंदन यात्रा के लिए अपने खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) हटवाना चाहते हैं, तो उन्हें 60 करोड़ रुपए जमा करने होंगे या किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक गारंटी देनी होगी। दोनों ने बीमार पिता से मिलने के लिए लंदन जाने की अनुमति मांगते हुए याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और न्यायमूर्ति रणजीत सिंह भोंसले की पीठ ने इस मामले में सुनवाई की।



# पगड़ी प्रथा की इमारतों का होगा पुनर्वसन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में पगड़ी सिस्टम के तहत आने वाली पुरानी इमारतों का पुनर्वसन किया जाएगा। साथ ही संजय गांधी नेशनल पार्क (SGNP) परिसर में रहने वाले आदिवासी परिवारों को भी सुरक्षित स्थान पर बसाने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानसभा में देते हुए कहा कि सरकार इस मुद्दे पर गंभीर और प्रतिबद्ध है। शिंदे ने बताया कि मुंबई में 19 हजार से अधिक सेस इमारतें पगड़ी इमारतों के रूप में दर्ज हैं। 1960 से पहले बनी ये इमारतें अब जर्जर हो चुकी हैं। इनमें कुछ का पुनर्वसन पूरा हो चुका है, जबकि कई इमारतें गिर भी चुकी हैं। वर्तमान में लगभग 13 हजार इमारतें अब भी पुनर्वसन की प्रतीक्षा में हैं, जिसके चलते हजारों परिवार जोखिम में रह रहे हैं।



▸▸ संजय गांधी नेशनल पार्क परिसर के नागरिकों का भी पुनर्वसन होगा

▸▸ 19 हजार से अधिक इमारतें पुनर्वसन की प्रतीक्षा में

### कानूनी अड़चनों को दूर करेगा नया मॉडल

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र रेंट कंट्रोल एक्ट के तहत किराएदारों को विशेष अधिकार प्राप्त हैं। इसी कारण मालिक और किरायेदारों के बीच कई विवाद वर्षों से अदालतों में लंबित हैं। सरकार का मानना है कि पुनर्विकास मॉडल से दोनों पक्षों-मकान मालिक और किराएदार-को राहत मिलेगी।

### स्वतंत्र नियमावली तैयार होगी

किरायेदारों को उनके कब्जे वाले घर के क्षेत्रफल के अनुसार एफएसआई दिया जाएगा। घर मालिकों को भूखंड की मालिकाना हक के स्थान पर मूल एफएसआई प्रदान किया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निशुल्क पुनर्निर्माण हेतु इंसेंटिव एफएसआई दिया जाएगा।

### नेशनल पार्क परिसर का पुनर्वसन

संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान परिसर के आदिवासी रहवासियों को पुनर्वसन योजना में शामिल किया जाएगा। अतिक्रमणकारी झोपड़ाधारकों को भी नीति में जगह मिलेगी। आदिवासी पुनर्वसन हेतु 93 एकड़ भूमि पर आवासीय प्रकल्प विकसित किया जाएगी

### अभय योजना और एनओसी प्रक्रिया

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि करीब 20 हजार इमारतों को खरीद-बिक्री के लिए नगर-विकास विभाग द्वारा एनओसी प्रदान की जाएगी। इसके लिए अभय योजना लाई जा रही है, जिसके माध्यम से लगभग ढाई लाख परिवारों यानी करीब 10 लाख नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

# विधानसभा में उठा शताब्दी अस्पताल की अमानवीयता का मुद्दा

■ रेप पीड़ित नाबालिग को मनपा अस्पताल ने तीन घंटे इंतजार करवाया

■ सरकार का सख्त रुख, बीएमसी से तत्काल जवाब तलब



डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नागपुर

कांदिवली में 5 वर्षीय दुराचार पीड़ित बच्ची के इलाज में कथित लापरवाही को लेकर राज्य सरकार ने गंभीर रुख अपनाया है। भाजपा विधायक योगेश सागर ने विधानसभा में मामला उठाते हुए बताया कि 9 दिसंबर की शाम बच्ची को गंभीर रक्तस्राव की स्थिति में शताब्दी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन लगभग तीन घंटे तक उसे कोई उपचार नहीं मिला। इसके बाद उसे नायर अस्पताल रेफर किया गया। विधायक सागर के अनुसार शताब्दी अस्पताल में पीडियाट्रिक सर्जन नहीं है, लेकिन प्रोटोकॉल के नाम पर रेफरल में देरी नहीं होनी चाहिए। मामले को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने मनपा आयुक्त भूषण गगरानी से तत्काल रिपोर्ट मांगी है।

### विधानसभा अध्यक्ष ने मांगी विस्तृत एक्शन-टेकन रिपोर्ट

विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने घटना पर कड़ा संज्ञान लेते हुए सरकार को निर्देश दिया है कि शीतकालीन सत्र समाप्त होने से पहले विस्तृत रिपोर्ट सदन में पेश की जाए। निर्देश के बाद नगरविकास विभाग की सहसचिव विद्या हम्पय्या ने मनपा आयुक्त को पत्र लिखकर पूरे मामले की विस्तृत एक्शन-टेकन रिपोर्ट और आगे उठाए जाने वाले सुधारात्मक कदमों की जानकारी देने को कहा है।

# मीठी नदी घोटाले में 2 ठेकेदार गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



**फर्जी कागजात और बिल से 65 करोड़ की हुई थी लूट**

मीठी नदी की सफाई के नाम पर पिछले एक दशक में 65 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला करने के मामले में मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने दो ठेकेदारों SNB इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशक सुनील उपाध्याय और MB ब्रूअर्स के पार्टनर महेश पुरोहित को गिरफ्तार किया है। दोनों को 16 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। दरअसल, मुंबई पुलिस ने मीठी नदी की गाद निकालने से जुड़े चल रहे घोटाले में दो ठेकेदारों को गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ है कि ठेकेदारों ने BMC को चूना लगाने के लिए जाली समझौता ज्ञापन (MoU) बनाए, भूस्वामियों के फर्जी हस्ताक्षर किए और गाद डंप करने की जमीन को 'लॉन्च पैड' दिखाया। इसके बाद बिना काम किए ही करोड़ों के बिल पास करवा लिए।

### 2013 से चलता रहा खेल

EOW के अनुसार, 2013 से 2023 तक ठेकेदारों, दलालों और BMC के तूफानी जल निकासी विभाग (SWD) के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से घोटाले का यह खेल चलता रहा। यही नहीं 2021-24 के टेंडरों में भी हेराफेरी की गई। टेंडर के दौरान ऐसी मशीनरी शर्तें भी डालीं गईं, जिसकी कोई जरुरत नहीं थी। इससे सिर्फ ठेकेदारों को प्रति मीट्रिक टन ज्यादा दरें मिलीं।

### अब तक 5 गिरफ्तार

जांच के दौरान फर्जी फोटो, वीडियो और मशीनरी लॉग तक सामने आए हैं। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने इससे पहले केतन कदम, जय जोशी और ठेकेदार शेरसिंह राठौर को गिरफ्तार किया था। अब तक कुल 5 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इस मामले को लेकर EOW के अधिकारी ने बताया कि जांच का दायरा और बढ़ेगा। जिसमें कई और नाम सामने आ सकते हैं।

**चिंताजनक** › राज्यसभा में जीरो आवर के दौरान सांसद फौजिया खान ने उठाया मुद्दा

# तीन महीने में 766 किसानों ने की आत्महत्या

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सदस्य फौजिया खान ने गुरुवार को राज्यसभा में दावा किया कि महाराष्ट्र में पिछले तीन महीनों में 766 किसानों ने आत्महत्या की है। शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए खान ने कहा कि महाराष्ट्र देश में किसानों की आत्महत्या के मामले में सबसे आगे है। उन्होंने सवाल उठाया कि किसान सरकार इसपर कब ध्यान देगी।



**100 किसान परिवारों को नहीं मिली मदद**

सांसद फौजिया खान कहा कि 766 से 676 किसान परिवारों को सरकारी मदद मिली है, जबकि 100 किसान परिवारों को सरकारी मदद देने से मना कर दिया गया है। फौजिया खान ने कहा कि इस साल भारी बारिश और बाढ़ के बाद 31,628 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की घोषणा के बावजूद, जमीनी हकीकत अलग थी।

### किसानों के खाते में आए सिर्फ इतने करोड़ रुपये

उन्होंने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में बताया था कि मंत्रालय को महाराष्ट्र से अतिरिक्त मदद मांगने का कोई प्रस्ताव नहीं मिला। फौजिया खान ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह के जवाब का हवाला देते हुए कहा कि स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फंड (SDRF) के तहत किसानों को 4,176 करोड़ रुपये दिए गए, जिसमें से केंद्र का हिस्सा 3,180 करोड़ रुपये था।

### 'यह किसानों के साथ गलत और मज़ाक है'

NCP-(शरदचंद्र पवार) की सांसद ने डेटा में अंतर को हाईलाइट करते हुए कहा कि राज्य के कृषि मंत्री दत्तात्रेय भरणे ने कहा कि बाढ़ से 19 जिलों में 14.36 लाख हेक्टेयर जमीन प्रभावित हुई, जबकि केंद्र सरकार को भेजी गई रिपोर्ट में सिर्फ 1,10,309 हेक्टेयर का ज़िक्र है। फौजिया खान ने कहा कि 14 लाख हेक्टेयर कहां हैं, और एक लाख हेक्टेयर कहां है? यह किसानों के साथ गलत और मज़ाक है।

# ईडी, आयकर विभाग और एटीएस की संयुक्त छापेमारी

▸▸ आतंकी फंडिंग मामले में जांच होने की संभावना

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी




ठाणे जिले के पडघा और आसपास के इलाकों में गुरुवार तड़के आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और महाराष्ट्र एटीएस ने संदिग्ध आतंकी वित्तपोषण मामले में संयुक्त छापेमारी शुरू की। यह कार्रवाई सुबह से जारी है, जिसमें कई संदिग्धों के घरों की तलाशी ली गई। एटीएस ने पहले बोरीवली गांव में की गई अपनी कार्रवाई से जुटाए गए इनपुट और संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर यह ऑपरेशन आगे बढ़ाया। ईडी की टीम संदिग्ध धन लेन-देन को लेकर पूछताछ कर रही है, जबकि एटीएस जांच में सहयोग दे रही है।

# महाराष्ट्र को सिकल सेल मुक्त बनाने का मिशन शुरू

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नागपुर**

महाराष्ट्र को सिकल सेल मुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए मिशन मोड पर काम करने का फैसला किया है। स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने नागपुर में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में इस दिशा में तत्काल और प्रभावी कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए हैं। मंत्री ने साफ किया कि सिकल सेल रोगियों की संख्या को शून्य तक लाना है और इसके लिए हर स्तर पर गंभीरता से काम करना होगा। नागपुर स्थित स्वास्थ्य सेवा कार्यालय में आयोजित इस बैठक में राज्य भर के स्वास्थ्य अधिकारी, विधायक और जिला स्तर के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में खासतौर पर गडचिरोली, नंदुरबार, पालघर और मेलघाट जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्रों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इन क्षेत्रों में सिकल सेल रोग की समस्या अधिक गंभीर है और यहां विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### ग्रामीण अस्पतालों में खुद की व्यवस्था

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सभी ग्रामीण अस्पतालों में सिकल सेल की खून की जांच के लिए सरकार की अपनी व्यवस्था खड़ी करने की जरूरत है। उन्होंने साफ किया कि निजी संस्थाओं पर निर्भर रहने की बजाय ग्रामीण अस्पतालों में जरूरी तकनीकी स्टाफ, ब्लड स्टोरेज की सुविधा और दवाओं का भंडार उपलब्ध होना चाहिए। यह बेहद जरूरी है कि हम अपनी क्षमता पर काम करें।

### रोकथाम पर भी ध्यान

मंत्री आबिटकर ने कहा कि सिकल सेल के मरीजों की संख्या न बढ़े इसके लिए रोकथाम के कार्यक्रमों को तेज किया जाए। आदिवासी क्षेत्रों में अगर विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं तो उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार रोटेशन के आधार पर दूसरे क्षेत्रों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति अनिवार्य रूप से की जाए। यह व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर इलाज मिल सके।

### मरीजों की पहचान पर जोर




स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने कहा कि सिकल सेल के मरीजों को शून्य तक लाने के लिए सबसे पहले मरीजों की सही पहचान करना बेहद जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि जांच का काम तेजी से किया जाए और जो भी मरीज मिलें उन्हें तुरंत पहचान पत्र जारी किया जाए। साथ ही उनका पूरा रिकॉर्ड सही तरीके से रखा जाए। मंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस काम में किसी भी तरह की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक भी मरीज बिना रजिस्ट्रेशन के नहीं रहना चाहिए। बैठक में विधायक डॉक्टर मिलिंद नरोटे, रामदास मसराम, केवलराम काले, हरिश्चंद्र भोये, आमश्या पाडवी, राजेश पाडवी और श्रीमती मंजुला गावित शामिल हुए। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉक्टर नितिन अंबाडेकर, सहायक निदेशक सुनीता गोलहाईत और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिला स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारी और जिला सर्जन भी मौजूद थे।

### जल्द होगी बड़ी भर्ती

राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में खाली पदों की समस्या को देखते हुए मंत्री ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि जल्द ही चौदह सौ से पंद्रह सौ पदों पर भर्ती की जाएगी। अगर बाहरी एजेंसी के जरिए भर्ती की जरूरत महसूस हुई तो वह एजेंसी के माध्यम से नहीं बल्कि सीधे ठेके के आधार पर ग्यारह महीने की सेवा अनुबंध पर की जाएगी। इस बारे में योजना बनाने को कहा गया है। अगले हफ्ते इस विषय पर विशेष बैठक होगी और फैसला लिया जाएगा।

### विधायकों की मांगें

बैठक में गडचिरोली के विधायक डॉक्टर मिलिंद नरोटे ने मांग की कि सभी ग्रामीण अस्पतालों में सिकल सेल की खून जांच इकाई खड़ी की जाए। इलाज के लिए जरूरी शोध और वैज्ञानिक मूल्यांकन के अनुसार दवाओं का इलाज सुनिश्चित किया जाए। पदोन्नति के बाद नियुक्त हुए और नए भर्ती हुए डॉक्टरों को आदिवासी और दुर्गम क्षेत्रों में प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाए। विधायक केवलराम काले ने धारणी क्षेत्र में दवाओं की कमी पर दुख व्यक्त किया। विधायक अंधार पाडवी ने कहा कि बाहरी एजेंसी से कर्मचारी लेने की बजाय पहले ठेके के आधार पर नियुक्ति की जाए तो आसानी से स्टाफ मिल सकता है। बैठक में सिकल सेल मुक्त महाराष्ट्र बनाने के लिए एकजुट, सख्त और समय पर काम करने पर जोर दिया गया। राज्य भर की सभी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को पूरे समन्वय से इस मिशन में शामिल होना चाहिए, ऐसी अपेक्षा स्वास्थ्य मंत्री आबिटकर ने जताई। इस मौके पर स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। यह बैठक महाराष्ट्र में सिकल सेल रोग को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सरकार की मंशा साफ है कि आने वाले समय में राज्य को इस बीमारी से पूरी तरह मुक्त बनाया जाए।

### बाहरी संस्थाओं पर निर्भरता घटाएं

आबिटकर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में बड़ी संख्या में स्टाफ उपलब्ध है, इसलिए किसी भी सेवा के लिए बाहरी संस्थाओं पर निर्भर रहने की बजाय विभाग अपनी क्षमता का इस्तेमाल करके काम करे। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ताओं को रोजाना पच्चीस और तालुका स्वास्थ्य अधिकारियों को हर दिन दस घरों में जाकर सर्वे करने की जिम्मेदारी दी गई है। अगर इसे सख्ती से लागू किया गया तो सिकल सेल के मरीजों की पहचान तेजी से हो सकेगी। मंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि जिम्मेदारी से बचने वाले अधिकारियों के साथ किसी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी। काम में लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सौ फीसदी संस्थागत प्रसव का लक्ष्य

स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिए कि सौ प्रतिशत संस्थागत प्रसव हो इसके लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। महिलाओं को अस्पतालों में प्रसव कराने के लिए प्रेरित किया जाए। इससे मां और बच्चे दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। धारणी ग्रामीण अस्पताल और नंदुरबार में दवाओं के भंडार में कमी पाई गई। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने नाराजगी जताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था नागरिकों के लिए काम कर रही होनी चाहिए, वरना नतीजे गंभीर होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य और जिला स्तर पर नियुक्त किए गए सिकल सेल समन्वयकों से अपेक्षित काम नहीं हो रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क चौड़ीकरण को लेकर विरोध तेज, स्थानीय निवासियों ने काम रुकवाया



भिवंडी। भिवंडी शहर में अंजुर फाटा से कल्याण नाका तक पहले चरण का 36 मीटर सड़क चौड़ीकरण कार्य पूरा होने के बाद अब दूसरे चरण में कल्याण नाका से टेमघर तक सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा है, लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के चलते गुरुवार को काम रोकना पड़ा। मनपा कर्मचारी पुलिस सुरक्षा में राजनोली बाईपास से सर्वे और निशानदेही कर रहे थे, तभी कल्याण रोड के संपत्ति मालिक, व्यापारी और निवासी टेमघर में जुटकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करने लगे, जिससे क्षेत्र में तनाव फैल गया। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। मनपा नगर विकास अधिकारी समीर जवारे ने बताया कि सड़क माप और निशानदेही का काम सोमवार से फिर पुलिस सुरक्षा में पुनः शुरू किया जाएगा।

### धोखादायक इमारत पर मनपा ने की तोड़क कार्रवाई



उल्हासनगर। उल्हासनगर के कैंप नंबर तीन स्थित ईगल होटल के बगल में खड़ी जेसवानी कॉम्प्लेक्स नामक खतरनाक इमारत को राहगीरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बुधवार को मनपा प्रभाग समिति 2 द्वारा उच्च क्षमता की मशीनों से सुरक्षित तरीके में ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई सहायक आयुक्त गणेश शिंपी की निगरानी में पूरी की गई। बताया जाता है कि शहर में घटिया सामग्री और बिना योग्य कारीगरों की मदद से बनी कई इमारतें पहले ही गिर चुकी हैं, जिनके मलबे में दबकर लोगों की मौत भी हो चुकी है। मनपा द्वारा घोषित कई अन्य खतरनाक इमारतें आज भी शहर में मौजूद हैं। प्रशासन ने सभी ऐसी इमारतों का स्ट्रक्चरल निरीक्षण कर रिपोर्ट नगर रचना विभाग को सौंपने के आदेश दिए हैं। इसी सूची में शामिल जेसवानी कॉम्प्लेक्स को मनपा ने अंततः जमींदोज कर दिया।

# मटका जुआ खेलते 10 लोग गिरफ्तार

## पुलिस कार्रवाई में नकदी और जुए का सामान बरामद

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

निजामपुर पुलिस ने भिवंडी शहर के खाड़ीपार पुल के पास मटका जुआ खेलते दस लोगों को रंगेहाथ पकड़ा। पुलिस ने मौके पर छापेमारी कर आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र जुगार प्रतिबंधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। इस दौरान जुआ अड्डे से 4,200 रुपये नकद और जुए में इस्तेमाल होने वाला साहित्य बरामद किया गया। पुलिस नाईक दत्तात्रय कांबले के अनुसार, खाड़ीपार पुल के पास समीर सर्विस सेंटर के नजदीक लंबे समय से मटका जुआ गतिविधियां चल रही थीं।

### गिरफ्तार आरोपियों को नोटिस के बाद रिहा किया




पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रज्जब अली, जोगेंद्र चव्हाण, मुस्तकीम अंसारी, गणेश देवनार, लाला राजेंद्र, राजू मिश्रा, परवेज अंसारी, महेन्द्र यादव, मुर्तज़ा शेख और सुभाष यादव को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी अवैध रूप से मटका जुआ खेलते पाए गए और महाराष्ट्र जुगार कानून की धारा 12(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ के बाद पुलिस ने सभी को नोटिस देकर रिहा कर दिया। निजामपुर पुलिस आगे की जांच जारी रखे हुए है।

# महाप्रबंधक ने किया दिव्यांग कर्मचारियों का सम्मान

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेल के महाप्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता ने 10 दिसंबर 2025 को सीएसएमटी सभागार में "दिव्यांगजनों के लिए खास दिवस" के अवसर पर दिव्यांगजन रेलवे कर्मचारियों को आदर्श पुरस्कार प्रदान किए। यह कार्यक्रम मध्य रेल कर्मचारी लाभ कोष (सीएसबीएफ) और कार्मिक विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया गया। स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र सहित ये पुरस्कार 16 दिव्यांगजनों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनने के लिए प्रदान किए गए।

### मंडलों के दिव्यांगजन कर्मचारियों को सम्मान




मुंबई मंडल के 9 दिव्यांगजनों को महाप्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया, जबकि अन्य मंडलों के 7 दिव्यांगजनों को उनके मंडल रेल प्रबंधकों द्वारा महाप्रबंधक की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इस व्यवस्था से दिव्यांगजन और उनके परिवार मुंबई तक लंबी यात्रा करने की परेशानी से मुक्त रहेंगे और सम्मान समारोह में भाग ले सकेंगे।

### प्रेरक भाषण और कार्यक्रम की शुरुआत

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। महाप्रबंधक ने प्रेरक भाषण देते हुए कहा कि सबसे बड़ी विजय स्वयं पर विजय प्राप्त करना है, और दिव्यांगजनों ने यह विजय पहले ही प्राप्त कर ली है। उन्होंने यह भी कहा कि मध्य रेल हमेशा दिव्यांग कर्मचारियों के साथ खड़ा रहेगा और उनकी क्षमताओं को बढ़ाने तथा जीवन को सुगम बनाने के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध कराएगा।

### विशेष दिव्यांग-अनुकूल उपकरणों का वितरण

महाप्रबंधक ने तीन दिव्यांग कर्मचारियों को विशेष दिव्यांग-अनुकूल उपकरण भेंट किए। इनमें दो कर्मचारियों को लैपटॉप (विशेष उपयोगकर्ता-अनुकूल सॉफ़्टवेयर के साथ) और एक कर्मचारी को लार्ज मैग्नीफ़ाइंग ग्लास फ़्लैश लाइट के साथ प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, दिव्यांग कर्मचारियों के आश्रितों को बैसाखी का जोड़ा भेंट किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम और समापन

मध्य रेल सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसमें दिव्यांग कलाकारों की भागीदारी भी शामिल थी। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ अधिकारियों के प्रोत्साहन भरे शब्दों और मध्य रेल द्वारा 1240 दिव्यांग कर्मचारियों के कल्याण के लिए नवप्रवर्तित प्रतिबद्धता के साथ हुआ। कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक, प्रधान विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# धर्मवीर आनंद दिघे लाइब्रेरी का उद्घाटन

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में पूर्व नगरसेवक विकास रेपाले और पूर्व नगरसेविका नम्रता भोसले-जाधव की पहल पर कशिश पार्क में अपडेटेड धर्मवीर आनंद दिघे लाइब्रेरी और अभ्यासिका का निर्माण किया गया। हाल ही में सांसद नरेश म्हस्के ने बिल्डिंग के बड़े हिस्से का उद्घाटन किया। विकास रेपाले और नम्रता भोसले-जाधव का उद्देश्य स्टूडेंट्स के लिए खुले आसमान के नीचे पढ़ाई के लिए खुशनुमा माहौल तैयार करना और ज्ञान का दीया जलाना है।

### स्टूडेंट्स और नागरिकों के लिए सीखने का नया मंच




इस लाइब्रेरी और अभ्यासिका का मकसद स्टूडेंट्स को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करना और उनके ज्ञान में वृद्धि करना है। विकास रेपाले और नम्रता भोसले-जाधव ने ठाणे के सभी स्टूडेंट्स और नागरिकों से इसका लाभ उठाने की अपील की। उद्घाटन समारोह में आशुतोष म्हस्के, सीनियर कवि अरुण म्हात्रे, पूर्व पुलिस अधिकारी काशीनाथ कचरे और शिवसेना के कई पदाधिकारी भी उपस्थित थे। यह पहल स्टूडेंट्स के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# समस्या के समाधान के लिए मनपा का हेल्पलाइन नंबर

**विनय दूबे | भाईंदर**

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुओ-मोटो याचिका संख्या 05/2025 में दिए गए निर्देशों के अनुसार, राज्य के सभी नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों को आवारा कुत्तों से नागरिकों को हो रही असुविधा पर तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों का पालन करते हुए मीरा-भाइंदर महानगरपालिका (MBMC) ने शहर में आवारा कुत्तों से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर 022-28192828 (EXT-138) जारी किया है।

### देशभर में बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त




गौरतलब है कि देश में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों और परेशानियों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कठोर निर्देश जारी किए हैं। इसमें शेल्टर होम का निर्माण, जागरूकता अभियान चलाना और शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करना शामिल है।

### शिकायत और सुझाव के लिए निर्धारित समय

MBMC प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि आवारा कुत्तों से संबंधित कोई शिकायत, सुझाव या तत्काल जानकारी देनी हो, तो वे सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

### नगरपालिका प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध

MBMC के उपायुक्त सचिन बांगर ने कहा है कि नागरिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए आवारा कुत्तों के मुद्दे पर योजनाबद्ध और प्रभावी कदम उठाने के लिए प्रशासन पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### जल्द बनेगा सुरक्षित डॉग शेल्टर

उपायुक्त बांगर ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग और नगररचना विभाग द्वारा निर्धारित भूमि पर सुरक्षित शेल्टर होम का निर्माण जल्द ही शुरू किया जाएगा, जिससे शहर में आवारा कुत्तों की समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

# 13 वर्षीय नाबालिग लापता


**भिवंडी।** भिवंडी शहर के नागाव क्षेत्र में एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। बच्ची 9 दिसंबर की सुबह करीब साढ़े सात बजे घर से निकली थी, लेकिन उसके बाद घर नहीं लौटी। परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया हो सकता है। लड़की के पिता ने बताया कि घर के बाहर जाने के बाद उसकी बेटी अचानक गायब हो गई और परिवार ने आसपास के इलाकों में उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। परिवार की चिंता बढ़ने के बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया है। शांतिनगर पुलिस ने बच्ची की खोज शुरू कर दी है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की जा रही है। मामले की आगे की जांच पुलिस उपनिरीक्षक एस. बी. कुचेकर कर रहे हैं और आसपास के इलाके में संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# ठाणे जेडपी लेखा विभाग के 3 अधिकारियों की पदोन्नति

**ठाणे।** ज़िला परिषद के डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल सर्विस, क्लास-3 (अकाउंट्स) कैडर के तीन अधिकारियों को महाराष्ट्र फाइनेंस एंड अकाउंट्स सर्विस के अंतर्गत अकाउंट्स ऑफिसर, ग्रुप-B (गजटेड) के उच्च पद पर पदोन्नत किया गया है। यह प्रमोशन महाराष्ट्र सरकार के रेवेन्यू डिपार्टमेंट एलोकेशन रूल्स 2021 के अनुसार किया गया है। पदोन्नति के बाद तीनों अधिकारियों को नई ज़िम्मेदारियों के साथ अहम प्रशासनिक कार्यभार संभालने का मौका मिलेगा। पदोन्नति सूची के अनुसार नारायण सुरपा गावित को कोंकण-2 रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अंतर्गत रीजनल डेयरी डेवलपमेंट ऑफिस, नवी मुंबई में अकाउंट्स ऑफिसर नियुक्त किया गया है। पांडुरंग कृष्णजी कोर्डे को कोंकण-1 ज़ोन से जल जीवन मिशन, पालघर में अकाउंट्स ऑफिसर की ज़िम्मेदारी मिली है। वहीं, संतोष रघुनाथ वंजारी को कोंकण-2 से दक्ष प्रोजेक्ट, मुंबई में अकाउंट्स ऑफिसर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका सौंप दी गई है। ठाणे जिला परिषद ने तीनों अधिकारियों को दिल से बधाई देते हुए कहा कि यह प्रमोशन उनकी ईमानदार सेवा, बेहतर परफॉर्मेंस और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने की क्षमता के आधार पर दिया गया है।

# स्वास्थ्य व्यवस्था की व्यापक समीक्षा फर्जी डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**




ठाणे में जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और कमेटियों की प्रगति का जायज़ा लिया गया। बैठक में फर्जी डॉक्टरों की पहचान कर उन पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान कार्ड को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने, मरीजों के साथ आने वालों को कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया। प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरणीय बदलावों से बढ़ रही बीमारियों की जानकारी हर छह महीने में स्वास्थ्य विभाग को देने का सुझाव दिया गया। इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग, प्लास्टिक पर प्रतिबंध और मास्क के उपयोग पर भी चर्चा हुई। साथ ही, नियमित वैक्सीनेशन, वाइल्डलाइफ से जुड़ी बीमारियों पर निगरानी और विभागीय समन्वय को मजबूत करने पर बल दिया गया। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे और विभिन्न मनपाओं के स्वास्थ्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जमीन विवाद को लेकर दो गुट आमने-सामने

### लाठी-डंडों से हमला; तीन घायल, दो मामले दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी तालुका के पिंपलास क्षेत्र में पुराने जमीन विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे पिंपलास निवासी मंगेश सुदाम घरत अपनी पैतृक जमीन पर मौजूद थे, तभी पंकज विठ्ठल घरत, बालू घरत, कालीराम घरत, सोग्या घरत और अन्य लोग वहां पहुंचे। कहासुनी के बाद आरोपियों ने लकड़ी के डंडों से हमला कर दिया, जिसमें मंगेश घरत, भाऊ नागरे और प्रतीक मे चापर सहित तीन लोग घायल हो गए।

### पुलिस ने दोनों पक्षों पर दर्ज की एफआईआर



घटना के बाद कोनगांव पुलिस ने दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। बालू विठ्ठल घरत की शिकायत में मंगेश घरत और उनके साथियों पर जमीन पर जबरन कब्जा करने और महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। झड़प में घायल चार लोगों का स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है, जबकि प्रकरण की जांच पुलिस उपनिरीक्षक अनिल धुमसे कर रहे हैं।

# अंबरनाथ में उड़ी आचार संहिता की धज्जियां

### गुपचुप तरीके से हो रहा डामरीकरण


**डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ**

अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव के लिए 20 दिसंबर को मतदान होना है और इसके साथ ही शहर में चुनावी हलचल तेज हो गई है। उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को साधने की कोशिशें शुरू हो चुकी हैं। आरोप है कि नगर परिषद की अनुमति के बिना डामरीकरण जैसी गतिविधियाँ की जा रही हैं, जो आदर्श आचार संहिता का सीधा उल्लंघन मानी जाती हैं।

### शिकायत पर तुरंत एक्शन: चुनाव अधिकारी

अंबरनाथ चुनाव निर्णय अधिकारी विजयानंद शर्मा ने कहा कि जहां-जहां शिकायतें मिली हैं, वहां केस दर्ज किए जा रहे हैं। वे बताते हैं कि हर शिकायत पर तुरंत कार्रवाई होगी, लेकिन जो मामले अधिकारियों तक नहीं पहुंचते, उन पर एक्शन लेने में कठिनाई आती है। ऐसे में सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या प्रशासन आचार संहिता उल्लंघन पर पर्याप्त सख्ती दिखा रहा है।

### सिर्फ तीन मामले दर्ज, फ्लाइंग स्क्वॉड सतर्क



अंबरनाथ चुनाव निर्णय अधिकारी कार्यालय के अनुसार अब तक केवल तीन मामलों में आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतें दर्ज की गई हैं। 4 नवंबर से लागू आदर्श आचार संहिता अब 20 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है क्योंकि कानूनी कारणों से चुनाव की तिथि आगे बढ़ी। शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में दो-दो फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात हैं, जिन्हें उल्लंघन की घटनाओं पर नजर रखनी है, हालांकि रिपोर्ट्स के मुताबिक कई मामलों में टीम शिकायत की प्रतीक्षा में कार्रवाई से बचती दिख रही है।

# हेरिटेज इलाके का हो रहा कायापलट

## पर्यटकों के लिए जल्द खुलेगा रास्ता

धीरज सिंह | मुंबई

मुंबई के ऐतिहासिक काला घोड़ा इलाके में डॉ. वी. बी. गांधी मार्ग, रदरफोर्ड मार्ग और बी. भुरूचा मार्ग पर चल रहा सौंदर्यीकरण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। गुरुवार सुबह BMC कमिश्नर भूषण गगरानी ने मौके पर पहुंचकर काम की प्रगति का निरीक्षण किया। उनके साथ पूर्व मुख्य सचिव और महाराष्ट्र राज्य वित्त आयोग के चेयरमैन नितिन करिअर भी मौजूद रहे, जिन्होंने पूरे प्रोजेक्ट की विस्तृत समीक्षा की।



### सांस्कृतिक जिले को नए स्वरूप में ढालने की तैयारी

काला घोड़ा क्षेत्र, जो कला, संस्कृति और हेरिटेज का महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है, को बेहतर पब्लिक स्पेस में बदलने के लिए BMC लगातार काम कर रही है। निरीक्षण के दौरान ई-वार्ड के असिस्टेंट कमिश्नर जयदीप मोरे सहित अन्य अधिकारी भी टीम के साथ थे। अधिकारियों ने अपग्रेड किए गए हिस्सों का दौरा कर फिनिशिंग की गुणवत्ता, डिजाइन के अनुपालन और पब्लिक उपयोगिता मानकों का आकलन किया। प्रोजेक्ट का उद्देश्य पैदल रास्तों, बैठने की जगहों, रोशनी और लैंडस्केपिंग को बेहतर बनाकर आगंतुकों का अनुभव बढ़ाना है।

### 500 मीटर क्षेत्र में सौंदर्यीकरण, जल्द खुलेगा नया स्ट्रीटस्केप

नगर निगम की ओर से बताया गया कि सौंदर्यीकरण के बाद यह क्षेत्र हेरिटेज और आधुनिक डिजाइन का अनूठा मिश्रण पेश करेगा, जिससे लोगों की आवाजाही बढ़ेगी और स्थानीय व्यवसायों को भी लाभ पहुंचेगा। परियोजना का पहला चरण 500 मीटर हिस्से में 3,443 वर्ग मीटर क्षेत्र को कवर करता है, जिसमें सड़क किनारों का पुनर्निर्माण और पैदल चलने वालों की सुरक्षा पर विशेष फोकस रखा गया है।

# अमित शाह के बचाव में उतरे एकनाथ शिंदे

## उद्धव ठाकरे ने अमित शाह को हिंदुत्व के मुद्दे पर किया था टार्गेट

**नागपुर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना के प्रमुख एकनाथ शिंदे ने देश के गृहमंत्री अमित शाह के बचाव में उतरते हुए उद्धव ठाकरे के असली चेहरे को सबके सामने उजागर कर दिया। उद्धव ठाकरे ने हाल ही में प्रेस के माध्यम से अमित शाह को निशाना बनाते हुए उनके हिंदुत्व पर सवाल उठाए थे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शिंदे ने कहा कि उद्धव ठाकरे का हिंदुत्व केवल दिखावा है और सत्ता के लिए उन्होंने बालासाहेब ठाकरे के विचारों को छोड़ दिया।







### अमित शाह और आरएसएस के प्रति समर्थन

एकनाथ शिंदे ने कहा कि अमित शाह और आरएसएस देशभक्त हैं और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से आर्थिक महाशक्ति बन रहा है। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और धारा 370 के हटने जैसे ऐतिहासिक फैसलों का उल्लेख करते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे को इस विषय पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। साथ ही शिंदे ने उद्धव के कार्यकाल के दौरान हुई मुंबई की लूट, बॉडी बैग घोटाला, खिचड़ी घोटाला और कोविड सेंटर घोटाले का जिक्र कर उनकी आलोचना की।

### किसानों के हित में सरकार

एकनाथ शिंदे ने किसानों के मुद्दों पर सरकार की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है और किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। किसानों को सरकार की मदद सीधे उनके बैंक खातों में DBT के माध्यम से भेजी जा रही है। शिंदे ने यह भी कहा कि किसानों के कल्याण के लिए सभी योजनाओं का निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है।

### हिंदुत्व विवाद और न्यायिक मुद्दे

शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर हिंदुत्व के विषय में बोलने का अधिकार न होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उद्धव ने याकूब मेमन की कब्र सजाई, 1993 के मुंबई बम ब्लास्ट के आरोपी इकबाल मूसा को लोकसभा चुनाव प्रचार में शामिल किया, और जस्टिस स्वामीनाथन के खिलाफ़ इंपिछमेंट लाने का प्रयास किया। शिंदे ने सवाल किया कि ऐसे व्यक्ति हिंदुत्व के बारे में नैतिक रूप से क्या बोल सकते हैं।

### लाडली बहनों और महायुति की भूमिका

एकनाथ शिंदे ने लाडली बहनों के लिए सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा और 2100 रुपए का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने आगामी महानगरपालिका चुनाव में महायुति के एकजुट होकर लड़ने की रणनीति का संकेत दिया। शिंदे ने स्पष्ट किया कि स्थानीय चुनावों में महायुति एक साथ मैदान में उतरेगी।

# कृषि योजनाओं के लाभ से कोई भी किसान वंचित नहीं रहेगा : दत्तात्रेय भरणे

**नागपुर/मुंबई।** महाराष्ट्र के कृषि मंत्री दत्तात्रेय भरणे ने विधान परिषद में कहा कि राज्य सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है और कोई भी किसान कृषि विभाग की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। वे नागपुर में चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान किसानों की लंबित निधियों और अनुदानों से जुड़े सवालों का जवाब दे रहे थे। कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लिए प्राप्त आवेदनों की गहन जांच की जाती है। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही पात्र किसानों को लाभ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विभाग को कई योजनाओं के लिए अतिरिक्त निधि की आवश्यकता है, जिसके लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कृषि समृद्धि योजना से मिलेगा वित्तीय सहयोग



भरणे ने बताया कि राज्य सरकार ने आवश्यक निधि उपलब्ध कराने के लिए कृषि समृद्धि योजना से संसाधन देने का निर्णय लिया है। इस योजना से किसानों को समय पर आर्थिक सहायता मिल सकेगी और लंबित लाभ जल्द वितरित किए जाएंगे।

### वर्ष 2025-26 के लिए बड़े पैमाने पर बजट स्वीकृत

कृषि मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025-2026 के लिए कई प्रमुख योजनाओं के लिए बजट मंजूर किया गया है। इनमें केंद्र प्रायोजित कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन के लिए 82.67 करोड़ रुपये, राज्य प्रायोजित कृषि यंत्रीकरण के लिए 200 करोड़ रुपये और पीएमडीएमसी के लिए 251.41 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री सतत कृषि सिंचाई, फलोद्यान रोपण और कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं के लिए भी बड़ी राशि स्वीकृत हुई है।

### पूरक मांग और केंद्र से दूसरी किस्त की प्रक्रिया जारी

भाऊसाहेब फुंडकर फल उद्यान रोपण योजना के लिए 127.71 करोड़ रुपये की पूरक मांग शीतकालीन सत्र में रखी गई है। साथ ही, केंद्र प्रायोजित योजनाओं की दूसरी किस्त के लिए प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिया गया है। कृषि समृद्धि योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-2026 के लिए 5,000 करोड़ रुपये तथा अगले पांच वर्षों में कुल 25,000 करोड़ रुपये का प्रावधान भी मंजूर किया गया है।

# आईआरसीटीसी ने वंदे भारत व अमृत भारत ट्रेनों में शुरू किया विशेष भोजन परीक्षण



**मुंबई।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (IRCTC) ने यात्रियों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से चुनिंदा वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों में "प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट (PoC)" भोजन परीक्षण शुरू किया है। प्रतिदिन 16.50 लाख भोजन उपलब्ध कराने वाला आईआरसीटीसी यात्रियों को ताज़ा, स्वच्छ और उच्च-स्तरीय खानपान उपलब्ध कराने के लिए रसोई परिवेश से लेकर भोजन ट्रांसफर और सर्विंग सिस्टम तक पूरी सप्लाई चेन में बदलाव पर फोकस कर रहा है। इस PoC के तहत खाना बनाने और सर्व करने की प्रक्रिया को अलग करते हुए प्रतिष्ठित फूड एंड बेवरेज ब्रांड्स—जैसे हल्दीराम्स, कसीनो एयर कैटरर्स (CAFS), टच स्टोन फाउंडेशन, इस्कॉन आदि—को विभिन्न ट्रेनों में जोड़ा गया है।

### थर्मैक्स कंपनी के खिलाफ जारी आर्बिट्रल अवॉर्ड रद्द

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने इंजीनियरिंग कंपनी थर्मैक्स लिमिटेड के खिलाफ जारी लगभग 173 करोड़ रुपए के आर्बिट्रल अवॉर्ड को रद्द कर दिया है। यह विवाद आरसीएफ के थाल फर्टिलाइजर प्लांट में गैस टरबाइन फेल होने के मामले से जुड़ा था। अदालत ने पाया कि आर्बिट्रेटर ने सबूतों और कॉन्ट्रैक्ट की शर्तों का सही मूल्यांकन नहीं किया और कई महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज किया।

**पश्चिम रेलवे**
**विद्युत शक्ति संबंधी कार्य**

Sr.DEE/P/BCT निविदा सूचना क्र.: EL-81-7-919-WA-22 (R-1) दिनांक 08.12.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थान: मुंबई सेंट्रल (मुख्य) – बॉम्बार्सी में हेरिटेज प्रकार की छत, ट्रस की मरम्मत तथा आंतरिक एवं बाहरी नवीनीकरण के संबंध में विद्युत शक्ति से संबंधित कार्य। कार्य की अनुमानित लागत: 15,00,000/- ईएमडी: 30,000/- प्रस्तुति की अंतिम तिथि एवं समय: 02.01.2026, दोपहर 15:00 बजे तक निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 02.01.2026, दोपहर 15:30 बजे अधिक विवरण हेतु कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर विज़िट करें। 0879

हमें लाइक करें: X.com/WesternRly

**Change Of Name**

I am changing my name from MAHMOOD SALAUDDIN MOHIUDDN GANEM to GANEM MAHMOOD SALAUDDIN for passport issuance.

ऑलराउंडर स्टाफ चाहिए:
होटल मधुरम फूड्स ,& Kitchen कांदिवली वेस्ट मुंबई,
कुक, हेल्पर, डिलीवरी बॉय।
रहना-खाना फ्री।
वेतन योग्यता अनुसार।
add-
Bhumipark Jankalyan Nagar
Malad west
संपर्क:
8433650469 / 7208888007

**पश्चिम रेलवे**
**स्टैटिक स्विच की व्यवस्था**

Sr.DEE/P/BCT निविदा सूचना क्र.: EL-81-1-WA-25(R) दिनांक 08.12.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थान: बोरीवली सेक्शन – बुकिंग ऑफिस एवं PRS के लिए स्टैटिक स्विच की व्यवस्था। कार्य की अनुमानित लागत: 4,98,550/- ईएमडी: 10,000/- प्रस्तुति की अंतिम तिथि एवं समय: 02.01.2026, दोपहर 15.00 बजे तक निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 02.01.2026, दोपहर 15.30 बजे अधिक विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर विज़िट करें। 0877

हमें लाइक करें: X.com/WesternRly

**मध्य रेल**
**सोलापुर मंडल**
**इंजिनियरींग कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी और से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदाये आमंत्रित करते है। **निविदा क्र.:** 19-2025-SrDENCo **कार्य का नाम:** Provision of Stabling and supporting work like Portal, Shotcreting, Rock Bolting etc. at critical locations inside Tunnel No.2 in KWV-LUR section in Solapur Division. **अनुमानित लागत:** Rs.14,24,83,741.00 **बयाना राशि:** Rs. 8,62,400.00 **समापन की अवधी:** 12 Months **अनुरक्षण की अवधी:** 12 Months **www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समय:** 25/12/2025 को 15.00 बजे तक **www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय:** 25/12/2025 को 15.30 बजे तक * निविदाकारोंसे निवेदन हैं की कोई बदलाव/ शुध्दिपत्र (यदि हो) के लिये Website: www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
मध्य रेल सोलापूर

Apex-086

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**
**सोलापुर मंडल**
**मेकॅनिकल वर्क - GEM/2025/B 6962429 Dated 10.12.2025**

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), मध्य रेल, सोलापुर के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ख्यातीप्राप्त प्रतिष्ठानों/ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम स्थान सहित :** सोलापुर डिवीजन में निरीक्षण और असामान्य घटनाओं (हॉट एक्सल, पटरी से उतरना आदि) से निपटने के लिए एडीएमई/वाडी द्वारा नॉन-एसी वाहन किराए पर लेने का संविदा कार्य, जीईएम के माध्यम से खुली निविदा के आधार पर 2 वर्ष की अवधि के लिए है। **निविदा कार्य पध्दती** : एक पॅकेट सिस्टम **कार्य की औसत लागत:** Rs.9,84,000/- **निविदा प्रपत्र मुल्य :** Nil **कार्यालय का पता, जहां से निविदा प्रपत्र खरीदे जा सकते है :** मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), मध्य रेल, सोलापुर **जमा करने योग्य बयाना रकम:** Rs. 19,680/- **कार्य का समापन अवधि:** दो साल कार्य की प्रारंभ की तिथी से **निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथी एवं समय :** 02.01.2026 at 09.00 hrs. **निविदा बक्सा खुलने की तिथी एवं समय :** 02.01.2026 at 09.30 hrs. **वेबसाईट विवरण एवं सूचना बोर्ड लोकेशन जहां से निविदा के संपुर्ण विवरण देखे जा सकते है : www.gem.gov.in**

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, सोलापूर

Apex-087

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**
**खुली निविदा सूचना**

डिविजनल रेलवे मैनेजर (S&T), पहली मंज़िल, पार्सल ऑफिस बिल्डिंग, P.F. No. 14 & 15 के ऊपर, सेंट्रल रेलवे, मुंबई CST 400 001, भारत के राष्ट्रपति की और से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से एकल निविदा के लिए आमंत्रित किया गया है। **निविदा सूचना नं. सीआर/बीबी/सं.एवंदु.सं/पूर्व 2025/52. कार्य का नाम:** मुंबई डिवीजन के नवशेवा, उरण और रंजनपद (शेमातिखार) स्टेशनों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स इंटरलॉकिंग सिस्टम (एम / एस हिताची रेल एसटीएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) का तीन साल के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **लगभग मूल्य:** Rs. 77.00/- लाख. **खुलने की तारीख़:** 02.01.2026. **ईएमडी:** 1,54,000/-. **वैधता:** 60 दिन. **समापन अवधी:** 36 महीने. यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है। निविदाओं का पूरा ब्यौरा मध्य रेलवे में उपलब्ध है। आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पूरी निविदा दस्तावेजों को वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदाओं का पूरा विवरण मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी) के कार्यालय, मुंबई सीएसटी के "नोटिस बोर्ड" में भी उपलब्ध है।

म.रे.प्र.(सं. एवंदु.सं.)
छ. शि. ट. मुंबई

APEX-705

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

**मध्य रेल**
**विभिन्न कार्य**

**खुलीई- निवीदासूचनासं–मरे/मंरेप्र(कार्य) बीबी/2025/38 दिनांक- 09.12.2025**
**क्रमसंख्या:1. कार्य का नाम:** सीज़ की हुई प्लेट/रेल स्क्रू को रिन्यू करना, निर्मित हुई क्रॉसिंग, टूटी हुई स्लाइड चेयर, घिसे हुए एमसीआई इंसर्ट की मरम्मत और एडीईएन (टी) भायखला के अधिकार क्षेत्र में चेक रेल बनाना और ठीक करना। **लगभग कीमत:** Rs.92.39 लाख **EMD**: Rs.184800 **पूरा होने की अवधि:** 6 महीने।
**क्रमसंख्या: 2. कार्य का नाम:** चूनाभट्टी : चूनाभट्टी स्टेशन के पास मौजूदा रेलवे आरसीसी नाले को पुलिया संख्या 12/3 तक चौड़ा और गहरा करने का प्रस्ता ठाकुर्ली डिपो में 65 mm मशीन क्रश्ड बलास्ट की सप्लाई और स्टैकिंग। **अनुमानित मूल्य**: 1044.87 लाख रुपये **ईएमडी**: 672400 रुपये **पूरा होने की अवधि :** 11 महीने।
**क्रमसंख्या: 3. कार्य का नाम: काम का नाम –** वरिष्ठ डीईएन (स) सीएसएमटी के तहत 52/60 Kg इन सिटू ग्लूड जॉइंट्स का निर्माण। **लगभग कीमत**: Rs.84.45 लाख **EMD**: Rs.168900 **पूरा होने का समय:** 12 महीने।
**क्रमसंख्या- 4. कार्य का नाम: A)** कल्याण-लोनावाला:- टीबीआर- 18.16 किमी और टर्नआउट डीप स्क्रीनिंग -19 संख्या। **B)** कल्याण-लोनावाला: टीआरआर(पी) -8.992 किमी और कर्जत=पनवेल - टीआरआर(पी) -9.435 किमी. (कुल 18.427 किमी) **C)** कल्याण-लोनावाला:- टीआरआर(एस) -19.807 किमी. **D )** कल्याण-लोनावाला:- टीएसआर(पी) -2.3 किमी. **E)** कल्याण-लोनावाला सेक्शन में 2.94 किमी स्लीपरों का पीएससी 6 स्लीपर के साथ आकस्मिक प्रतिस्थापन। **F)** कर्जत-लोनावाला सेक्शन में 2.06 किमी रेल का 60 किग्रा के साथ आकस्मिक प्रतिस्थापन। **G)** पनवेल-कर्जत सेक्शन में 2.06 किमी रेल का 60 किग्रा के साथ आकस्मिक प्रतिस्थापन। **लगभग कीमत**: Rs.474.44 लाख **EMD**: Rs.387200 **पूरा होने का समय**: 12 महीने।
**क्रमसंख्या: 5. कार्य का नाम: A)** (a) कल्याण-कर्जत:- कल्याण-कर्जत सेक्शन में एमआरवीसी के नए ब्रिज के काम से मेल खाने के लिए पुराने स्टोन टॉप/रेल टॉप ब्रिज 59/3, 60/1, 63/3, 63/6, 64/1, 64/2, 65/2, 65/3, 65/3A, 66/3, 66/5 को आरसीसी बॉक्स/पाइप से बदलना। (b) एडीईएन (टी)/कल्याण सेक्शन के तहत कल्याण-कर्जत सेक्शन में एमआरवीसी द्वारा पुलों के निर्माण के बाद मौजूदा पुराने पुलों नंबर 58/2, 62/4, 63/4, 66/2, 66/5, 67/1, 67/5 को बंद करना। **B)** कल्याण-कर्जत सेक्शन में बाढ़ से बचने के लिए छोटे पत्थर के पुलों नंबर 83/2, 86/3, 88/6, 90/3 को बदलकर जलमार्ग पुलों का विस्तार करना। **C)** (a) कल्याण-कर्जत:- पुल नंबर 65/2, 69/5, 72/4, 73/1 और 74/2 की जैकेटिंग करके आर्च पुलों का पुनर्वास। (b) पुल नंबर 70/3 (RAW) के तटबंध की सुरक्षा, अप और डाउन दोनों तरफ रिटेनिंग वॉल/गेबियन का प्रावधान करके। **D)** कल्याण- कर्जत:- एडीईएन (टी) कल्याण के तहत कल्याण- कर्जत सेक्शन में पुल नंबर.51/3, 52/4, 75/1, 76/1,77/1,77/2,78/1 की जैकेटिंग और बैरल की लंबाई बढ़ाना। । **लगभग कीमत**: Rs.1765.97 लाख **EMD**: Rs.1033000 **पूरा होने का समय** :18 महीने।
**क्रमसंख्या:** 6. **कार्य का नाम:** सीएसएमटी मुंबई में नई एनेक्स बिल्डिंग की 5वीं मंज़िल पर खराब पैनल, फॉल सीलिंग, फ्लोरिंग, दरवाज़े और खिड़की की ग्रिल की मरम्मत। **B)** बधवार पार्क में 5 कफ परेड में ऑफिसर्स क्वार्टर की सुरक्षा से जुड़ा काम। **C)** सीएसएमटी मुंबई में .Dy.सी.एम.एम./ईटीएल, एएमएम /सेल्स ऑफिस का रेनोवेशन और पीसीएमएम ऑफिस, एनएबी बिल्डिंग में रिक्रिएशन सेंटर और स्टाफ के बैठने की जगह का इंतज़ाम।। **लगभग कीमत**: Rs.190.62 लाख **EMD**: Rs.245300 **पूरा होने का समय**: 9 महीने।
**उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय क्र.1,2,3,4,5 और 6 दिनांक 26.12.2025, को 15.00 बजे तक और 15.00 बजे के बाद खोला जाएगा निविदा और शुध्दिपत्र के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भेट देने का अनुरोध है।**
इलेक्ट्रॉनिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप सेटेंडर से ऊपर ई-टेंडर में भाग लिया जा सकता है और ई-टेंडर के खिलाफ मैनुअल स्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रूप से, यदि प्रस्तुत किया गया है तो न तो खोला जाएगा और न ही माना जाएगा।**www.ireps.gov.in** वेबसाइट में प्राकृति क नियम के अनुसार उपलब्ध किए गएई पेमेन्ट के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। **अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क :** मंडल रेल प्रबंध क (कार्य) कार्यालय, मध्य रेल।फोन– 022-67455323 यह विदाएं सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017 दिनांक 16.9.2017 के अनुरूप है । निवीदाओं संबधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबधी संपूर्ण विवरण उपरोक्त कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), तीसरी मंजील, कंम्पूटरीकृत आरक्षण केंद्र केऊपर, छशिमटमुंबई–400001 के " नोटिसबोर्ड" पर भी उपलब्ध है।

APEX-703

मंडलरेलेप्रबंधक (कार्य) मुंबई छ.शि.म.ट

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

**पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस और दुर्गापुरा के बीच सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाएगी**

| ट्रेन सं. | शुरुआती स्टेशन और डेस्टिनेशन | सर्विस की तारीखें | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09604 | बांद्रा टर्मिनस –दुर्गापुरा | 12.12.2025 | 18:20 बजे (शुक्रवार) | 14:40 बजे (अगले दिन) |

**स्टॉप:** बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा और सवाई माधोपुर स्टेशन।

**कोच:** AC - 2 टियर, AC - 3 टियर, AC - 3 टियर इकोनॉमी, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच।

टाइमिंग, स्टॉप और कोच के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

ट्रेन नंबर 09604 की बुकिंग सभी PRS काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर खुली है। यह ट्रेन स्पेशल किराए पर स्पेशल ट्रेन के तौर पर चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ

**कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण**
**विद्युत विभाग**
**निविदा सुचना क्र. ०९ (२०२५-२०२६)**

कल्याण डोंबिवली महानगरपालिकेमार्फत ०१ विद्युत कामांकरीता ऑन लाईन निविदा मागविण्यात येत आहे. निविदा सुचना व निविदा प्रपत्र महापालिकेच्या संकेतस्थळ www.Mahatenders.gov.in वर दिनांक १२/१२/२०२५ ते १८/१२/२०२५ पर्यंत सायं ०५.०० वाजेपर्यंत उपलब्ध आहे.

ऑन लाईन निविदा महापालिकेचे संकेतस्थळ येथे दि.१२/१२/२०२५ ते १८/१२/२०२५ रोजी सायं ५.०० वाजेपर्यंत स्विकारण्यात येतील. प्राप्त निविदा शक्य झाल्यास दि.२२/१२/२०२५ रोजी सकाळी ११.०० वाजता निविदाकार अथवा त्यांचे प्रतिनिधीसमोर उघडण्यात येतील.

जा. क. कडोंमपा जसंवि/ मुका/७८०
दिनांक - ११/१२/२०२५

सही/-
अति शहर अभियंता (वि व यां)
कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण

**भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका भिवंडी, जि. ठाणे**
**बांधकाम विभाग**
**ई-निविदा सुचना क्र. १६० सन २०२५-२६**

खालील काम करण्यासाठी सक्षम व अनुभवी ठेकेदारांकडून ई-निविदा मागविण्यांत येत आहे.

| अ.क्र | अंदाजित खर्च/निविदा फॉर्म फी/कामाचे स्वरुप | अंदाजपत्रकिय रक्कम | निविदा विक्री व स्विकारण्याचो अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|
| १ | भिवंडी निजामपूर मनपा क्षेत्रातील प्रभाग क्र.१९ मध्ये देवनगर येथील रफिक सरदार गल्ली व शबाज किराणा स्टोर परिसरात गटार व पाथवेज बनविणे. (आमदारांचा स्थानिक विकास कार्यक्रम निधी २०२५-२६) | ६,९९,६१३/ | दि.:-१२/१२/२०२५ दि :- १९/१२/२०२५ |
| २ | भिवंडी निजामपूर मनपा क्षेत्रातील प्रभाग क्र. १८ मध्ये कणेरी येथील टोरंट पॉवर ऑफिस जवळील परिसरात गटार व पाथवेज बनविणे. (आमदारांचा स्थानिक विकास कार्यक्रम निधी २०२५-२६) | १४,९९,५२३/- | |
| ३ | भिवंडी निजामपूर मनपा क्षेत्रातील प्रभाग क्र.१८ मध्ये कणेरी येथील टोरंट अर्जुन हाईटसजवळील परिसरात पेव्हर ब्लॉक बसविणे. (आमदारांचा स्थानिक विकास कार्यक्रम निधी २०२५-२६) | १४,९९,६८०/- | |

सदर निविदा बाबतची माहिती www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि.१२/१२/२०२५ ते दि.१९/१२/२०२५ रोजी पर्यंत उपलब्ध आहेत. ऑनलाईन निविदा संकेतस्थाळावर दि.१९/१२/२०२५ रोजी दु. ४.०० वाजे पर्यंत स्विकारण्यात येतील.

जा.क्र./ज.सं.वि./ १५८७
दि. ११/१२/२०२५

सही/-
शहर अभियंता
भिवंडी नि. शहर महानगरपालिका, भिवंडी.

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**
**कार्यकारी अभियंता (परिवहन) पश्चिम उपनगर**
**ई - निविदा सुचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्र. | 2025_MCGM_1258050_1 |
| संस्था का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | बांद्रा गैरेज में वाहन धुलाई प्रणाली (Vehicle Washing System) का उन्नयन। |
| निरीक्षण शुल्क | 3300.00 + (18% जीएसटी) |
| बोली सुरक्षा जमा / ईएमडी | 19,800.00/- |
| निविदा जारी व विक्री की तिथि | 11.12.2025, प्रातः 11:00 बजे से |
| निविदा विक्री की अंतिम तिथि एवं समय तथा बोली सुरक्षा जमा स्वीकार करने की अंतिम तिथि | 18.12.2025, शाम 16:00 बजे तक |
| पैकेट A, B एवं पैकेट C (ऑनलाइन) जमा करने की अंतिम तिथि | 18.12.2025, शाम 16:00 बजे तक |
| पैकेट A एवं B का उद्घाटन | 19.12.2025, शाम 16:05 बजे के बाद |
| पैकेट C का उद्घाटन | पश्चात सूचित किया जाएगा |
| पत्राचार का पता | कार्यकारी अभियंता (परिवहन) पश्चिम उपनगर, मिलन मॉल के सामने, मिलन सबवे रोड, एस.वी. रोड, सांताक्रूज़ (पश्चिम), मुंबई – 400 054. |
| बोली खोलने का स्थान | कार्यकारी अभियंता (परिवहन) पश्चिम उपनगर कार्यालय |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।
यदि उक्त ई-निविदा के लिए कोई परिशिष्ट (Addendum) या सुधार सूचना (Corrigendum) जारी की जाती है, तो उसकी जानकारी महाराष्ट्र शासन की ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली (महा-टेंडर्स) (https://mahatenders.gov.in) पर Tenders > e-Tenders > Tenders अनुभाग में प्रकाशित/अपलोड की जाएगी। इच्छुक निविदाकारों से अनुरोध है कि वे इस संबंध में ध्यान दें।
बृहन्मुंबई महानगरपालिका को उपरोक्त विषय की किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है, और इसके लिए कोई कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।

हस्ता/-
पीआरओ/2609/विज्ञा./2025-26
कार्यकारी अभियंता (परिवहन) पश्चिम उपनगर

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

## दुनिया की दिवाली

इसमें दो राय नहीं कि हमारी अमूर्त विरासतें प्राचीन और आधुनिक सभ्यता के बीच पुल का काम करती हैं। यह महज एक स्मृति नहीं, वरन एक निरंतर बहती जीवंत विस्तारित नदी की भांति है। इसी आलोक में दिवाली को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित किया जाना हर भारतीय के लिये गर्व व सुकून का विषय है। निस्संदेह, दिवाली हमारी सनातन संस्कृति व सभ्यता की आत्मा रही है। प्रकृति के अहसासों के अनुरूप अंधेरे के खिलाफ उजाले की जंग की प्रतीक। समाज में समता का संदेश की गरीब के घर भी भरपूर रोशनी पहुंचे। किसी भी समाज में कुम्हार, मूर्तिकार,खील बताशे वाले से लेकर व्यापारी के घर तक लक्ष्मी पहुंचे। उल्लेखनीय है कि दिवाली को यह स्थान मिलने से पहले कुंभ मेले समेत देश की 15 धरोहरें इस सूची में शामिल हैं। बता दें कि इस वर्ष 19 अक्तूबर को दीपोत्सव पर अयोध्या में सरयू की राम पैड़ी पर जब 26.17 लाख दीये जलाये गए थे तो इस उपलब्धि का प्रकाश पूरी दुनिया में फैला था। गिनीज बुक आफ विश्व रिकॉर्ड में आयोजन दर्ज हुआ था। इस के बाद ही संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन यानी यूनेस्को ने अमूर्त विश्व धरोहर सूची में दिवाली को शामिल किया है। इससे पहले कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला,छाऊ नृत्य, दुर्गा पूजा आदि इस सूची में शामिल है। उल्लेखनीय है कि भारत यूनेस्को की इंटर-गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की बीसवीं बैठक की दिल्ली में मेजबानी कर रहा है, जो 13 दिसंबर को समाप्त होगी। दिवाली को संस्कृति और प्रकृति से जुड़ा मानकर देश के विभिन्न भागों में दस दिसंबर को दीपावली समारोह आयोजित करने का भी फैसला लिया गया था। मकसद यही था कि ताकि विश्व के सामने इस पर्व को मजबूत सांस्कृतिक पहचान के रूप में पेश किया जा सके। निस्संदेह, दिवाली न केवल संस्कृति-प्रकृति से जुड़ी है बल्कि ज्ञान व सनातन धर्म की भी पर्याय है। निस्संदेह, इस घोषणा से इस पर्व को वैश्विक मान्यता मिल सकेगी। दरअसल, यूनेस्को ऐसी सांस्कृतिक व पारंपरिक चीजों को इस सूची में शामिल करता है जो मूर्त रूप में तो नहीं होती, मगर किसी समाज में उसकी व्यापक मान्यता होती है। वास्तव में, यूनेस्को के ऐसे प्रयासों का मकसद यही रहा है कि आने वाले समय में दुनिया की महत्वपूर्ण सांस्कृति धरोहरें सुरक्षित रहें। जिससे भविष्य की पीढ़ियों को इसका लाभ मिल सके। दरअसल, इस घोषणा के बाद भारत दीपावली के निहितार्थ अंधकार से प्रकाश की ओर जाने के संदेश को पूरी दुनिया को दे सकेगा। इस बार की सूची में दुनिया की जीवित परंपराओं, सामाजिक प्रथाओं, त्योहारों, लोककला व परंपारिक ज्ञान प्रणालियों को सुरक्षित रखने वाली दुनिया की बीस अमूर्त विरासतों को इस सूची में जगह दी गई। कई पीढ़ियों से सहेजी गई विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास है यूनेस्को की पहल। निस्संदेह, ये धरोहरें विश्व के विभिन्न समुदायों की पहचान का हिस्सा हैं। सही मायनों में वैश्वीकरण के दौर में सांस्कृतिक विविधत को अक्षुण्ण बनाये रखने में मददगार साबित होंगी। निश्चय ही भारतीय संस्कृति की अमिट धरोहर वाले पर्व दीपावली का विश्व धरोहर की सूची में शामिल होना भारतीयों के लिये गर्व की बात है। जिसकी बानगी दिल्ली व देश के अन्य भागों में दूसरी दिवाली मनाने के रूप में नजर आई। निश्चय ही इस फैसले से भारतीय सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक स्तर पर नई मान्यता मिलेगी। दुनिया इस पर्व की भावनात्मकता के इतर इसकी आध्यात्मिकता व सामाजिक समरसता के संदेश से रूबरू हो सकेगी। निस्संदेह, यह पर्व भारतीय संस्कृति और लोकाचार से गहरे तक जुड़ा है। अब हमारी भी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि दीपावली हमेशा समृद्ध विरासत बनी रहे। दुनिया में उजाले की अंधेरे पर जीत का संदेश निरंतर जाता रहे। जो शाश्वत मानवीय मूल्यों की रक्षा का संदेश भी है। विश्वास किया जाना चाहिए कि भारत की इस अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के गहरे संदेश का पूरी दुनिया अंगीकार कर सकेगी।

# भारत-रूस योग और पश्चिम की वक्र दृष्टि



अमेरिका और यूरोप भारत में पुतिन के स्वागत और व्यापार प्रस्तावों से नाराज़ होकर भारत को और परेशान करेंगे या फिर भारत का व्यापार रूस के हाथों में जाने से रोकने के लिए जल्दी व्यापार समझौते करेंगे? भारत के लिए रूस के व्यापार प्रस्ताव और उसका भरोसा आकर्षक ज़रूर हैं और रूस में व्यापार और आप्रवासन बढ़ाने की संभावनाएं भी व्यापक हैं। अमेरिका और नाटो रूस को यूक्रेन से खदेड़ने के लिए लगभग चार वर्षों से उसकी अर्थव्यवस्था को घुटनों पर लाने के प्रयासों में जुटे हैं। उन्हें लगता था जैसे दूसरे विश्वयुद्ध ने ब्रिटेन को और अफ़ग़ानिस्तान के युद्ध ने सोवियत संघ को दिवालिया बना दिया था वैसे ही यूक्रेन का युद्ध रूस की कमर तोड़ देगा। वास्तव में ऐसा हुआ नहीं। शुरू के दो सालों में आए मुद्रास्फीति के उछाल और रूबल और अर्थव्यवस्था की गिरावट को रक्षासामग्री के निर्माण और ऊर्जा के निर्यात ने संभाल लिया। फिर भी, पुतिन जानते हैं कि संकट केवल टला है गया नहीं है। युद्ध में लगभग 1500 अरब डॉलर ख़र्च हो चुके हैं। मुद्रा स्फीति और ब्याज दरें आसमान छू रही हैं और कर्ज़ का पहाड़ खड़ा हो गया है। देश में निवेश, सामान और कामगारों की भयंकर तंगी है। चीन ने इस अवसर का लाभ उठाकर रूस में उसी तरह अपना कारोबार फैलाया है जैसे दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका ने यूरोप में फैलाया था और विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन बैठा था। इसी अवसर का लाभ उठाने के लिए ट्रंप शांति समझौता कराने को बेचैन हैं। पुतिन की भारत यात्रा की सबसे बड़ी वजह यही थी। यूक्रेन युद्ध से विश्व के दो सबसे धनी और बड़े बाज़ारों और निवेशकों, अमेरिका और यूरोप को खो देने के बाद उनके पास चीन और भारत से बेहतर विकल्प नहीं हैं। रूस की तरह भारत और चीन भी ट्रंप के पल-पल बदलते, मनमाने टैरिफ़ फ़रमानों, आप्रवासन नीतियों और प्रतिबंधों से परेशान हैं। इसलिए पुतिन ने भारत में उन क्षेत्रों से जुड़े प्रस्ताव प्रमुखता से रखे जो ट्रंप की टैरिफ़ नीतियों और यूरोप के प्रतिबंधों के निशाने पर हैं। जैसे रक्षा सामग्री और तकनीक का क्षेत्र जहां अमेरिका और यूरोप शर्तें लगाते हैं और तकनीक का हस्तांतरण करने एवं संयुक्त निर्माण करने को तैयार नहीं होते। रूस ने वहां बिना शर्त हस्तांतरण और संयुक्त निर्माण की पेशकश की है। अमेरिका और यूरोप जहां एच1बी वीज़ा पर संख्या और समय की सीमाएं लादने और कुशल कामगरों की आवाजाही को रोकने में लगे हैं वहीं रूस ने कामगरों की निर्बाध आवाजाही की पेशकश की है क्योंकि उसे इस समय कामगरों की ज़रूरत है। अमेरिका और यूरोप जहां तरह-तरह की शर्तें लगाकर मुक्त व्यापार समझौते को महीनों से लटकाए हुए हैं वहीं रूस ने अपने साथ-साथ अपने आर्थिक संघ के सदस्य देशों के साथ भी बिना शर्त मुक्त व्यापार समझौते का प्रस्ताव रख दिया है। अमेरिका और यूरोप जहां भारत पर रूस से तेल और गैस न खरीदने का दबाव डाल रहे हैं वहीं रूस ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए तेल और गैस के साथ-साथ परमाणु ईंधन की भी निर्बाध आपूर्ति करने और छोटे परमाणु बिजलीघर बनाकर देने की पेशकश की है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या अमेरिका और यूरोप भारत में पुतिन के स्वागत और व्यापार प्रस्तावों से नाराज़ होकर भारत को और परेशान करेंगे या फिर भारत का व्यापार रूस के हाथों में जाने से रोकने के लिए जल्दी व्यापार समझौते करेंगे? भारत के लिए रूस के व्यापार प्रस्ताव और उसका भरोसा आकर्षक ज़रूर हैं और रूस में व्यापार और आप्रवासन बढ़ाने की संभावनाएं भी व्यापक हैं। पर वे अमेरिका और यूरोप की नाराज़गी से हो सकने वाले नुकसान की भरपाई के लिए काफ़ी नहीं। भारत ने पिछले साल अमेरिका को 87 अरब और यूरोप को 77 अरब डॉलर का सामान बेचा था जो उसके कुल निर्यात के 40 प्रतिशत के बराबर है। रूस को अभी वह मात्र 5 अरब डॉलर का निर्यात करता है। पिछले दो साल में रूस से सस्ते दामों पर ख़रीदे तेल से होने वाली बचत भी 4 अरब डॉलर से अधिक की नहीं थी। इसलिए अमेरिका और यूरोप में होने वाली 164 अरब डॉलर की बिक्री को सुरक्षित रखना और उसे बढ़ाना भारत का पहला लक्ष्य होना चाहिए। परंतु भारत जैसा बड़ा देश किसी की धौंस या दबाव में कुछ नहीं कर सकता। जैसे रूस और चीन ट्रंप और यूरोप के प्रतिबंध, टैरिफ़ और आप्रवासन नीतियों की मार से टस से मस नहीं हुए वैसे ही भारत भी अपनी नीतियों पर अडिग रहा। ट्रंप ने सत्ता संभालते ही सबसे पहले पुतिन की बड़ाई कर उन्हें फ़ुसलाने की कोशिशें की। फिर धमकाने, धौंस जमाने और प्रतिबंध लगाने की कोशिशें कीं पर एक न चली। यही हाल चीन के साथ हुआ और हार कर ट्रंप को ही झुककर सुलह करनी पड़ी। भारत में ब्रिटेन, फ़्रांस और जर्मनी के राजदूतों ने मिलकर पुतिन की यात्रा से पहले लिखे अपने लेख में उनकी आलोचना करते हुए यूक्रेन के हमले को अंतरराष्ट्रीय नियमों का घोर उल्लंघन बताया था। यदि वह उल्लंघन था तो फिर अमेरिका कौन से अंतरराष्ट्रीय नियम का पालन करते हुए करेबियाई सागर में वेनेज़ुएला की नौकाओं पर हमले कर रहा है? ईरान के परमाणु केंद्र पर किया हमला संयुक्त राष्ट्र के किस नियम का पालन था? क्या ब्रिटेन, फ़्रांस और जर्मनी मिलकर अमेरिका को रोक सकते हैं? इसी तरह रूस, चीन और भारत जैसे महादेशों को भी प्रतिबंधों और धौंस-धमकियों से घेरा और विवश नहीं किया जा सकता। शायद इसीलिए संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के समय उस समय की पांच महाशक्तियों को वीटो का अधिकार दिया गया था। यह बात संयुक्त राष्ट्र का संस्थापक और संरक्षक होने के नाते अमेरिका को और नाटो में शामिल ब्रिटेन और फ़्रांस जैसी शक्तियों को नहीं भूलनी चाहिए थी। पुतिन की यात्रा के दौरान और उसके बाद ट्रंप और नाटो ने कोई ऐसा बयान नहीं दिया जिससे भारत को चिंता हो। यूं भी यूरोप भी इस समय ट्रंप के टैरिफ़, यूक्रेन की लड़ाई और सुस्त अर्थव्यवस्था से जूझ रहा है इसलिए उसे भी भारत के व्यापार की उतनी ही ज़रूरत है जितनी भारत को है। ऊपर से ट्रंप के पल-पल बदलते और नित नए फ़रमानों ने यूरोप की नींद उड़ा रखी है। रूस को यूक्रेन के चार प्रांत और क्रीमिया प्रायद्वीप देकर शांति समझौता कराने की 28 सूत्री शांति योजना न यूरोप के निगले बन रही है न उगले।


जीवन मंत्र

अक्सर लोग सोचते हैं कि तेज़ बोलने वाला, हर समय प्रतिक्रिया देने वाला, या बिना सोचे हर काम में कूद पड़ने वाला व्यक्ति ही बहादुर होता है। जो व्यक्ति धैर्य रखता है, वह निर्णय भी बेहतर लेता है क्योंकि वह प्रतिक्रिया में नहीं, समझदारी में विश्वास करता है।

## बुरा समय आपको तोड़ने नहीं, तराशने आता है

यह पंक्ति जीवन के सबसे गहरे और सच्चे अनुभव को संक्षेप में बयान करती है। जब जीवन में कठिनाइयाँ आती हैं, जब सब कुछ बिखरता हुआ लगता है, जब अपने भी साथ छोड़ देते हैं तब अक्सर हम यह सोचते हैं कि शायद अब कुछ भी ठीक नहीं हो सकता। लेकिन सच्चाई यह है कि हर बुरा समय, हर संघर्ष, हमें अंदर से और भी मजबूत बना रहा होता है। वह हमें हमारे वास्तविक स्वरूप से मिलवाता है, हमारी छिपी क्षमताओं को बाहर लाता है। बुरा समय किसी मूर्तिकार की तरह होता है, जो एक अनगढ़ पत्थर को छैनी-हथौड़ी से गढ़कर सुंदर मूर्ति में बदलता है। वह पत्थर भी कई चोटें सहता है, मगर अंततः वही चोटें उसकी पहचान बनती हैं। उसी तरह जीवन की ठोकरें, धोखे, असफलताएँ और संघर्ष हमें गढ़ते हैं।

वे हमें सिखाते हैं कि गिरना कोई हार नहीं, बल्कि फिर से उठने का एक मौका है। जो इंसान बिना संघर्ष के बड़ा होता है, उसकी गहराई सीमित होती है, लेकिन जिसने बुरे वक्त का सामना किया हो, उसमें सहनशीलता, करुणा और आत्मविश्वास स्वाभाविक रूप से आ जाते हैं।



कई बार हम सोचते हैं कि यह दुखद समय हमें तोड़ रहा है, लेकिन समय बीत जाने के बाद जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो हमें अहसास होता है कि वही समय हमारी सबसे बड़ी सीख बन गया। उस दौर ने हमें मजबूत किया, हमें धैर्य सिखाया, और हमारी सोच को परिपक्व बनाया।

जो लोग जीवन में केवल सुविधाओं में पले-बढ़े हैं, वे अक्सर छोटी-छोटी समस्याओं में भी टूट जाते हैं। जबकि जिसने दर्द को जिया है, वह दूसरों के दर्द को भी समझ सकता है और वही जीवन की असली परिपक्वता है। इसलिए जब भी जीवन कठिन लगे, जब रास्ता बंद सा लगे, तो याद रखें यह समय आपको खत्म करने नहीं, बल्कि गढ़ने आया है। यह परीक्षा का नहीं, निर्माण का दौर है। बुरा वक्त कभी स्थायी नहीं होता, लेकिन उसका प्रभाव हमेशा के लिए हमें बदल देता है। और यह बदलाव, अगर हमने समझदारी से जिया, तो हमारी सबसे बड़ी ताकत बन जाता है।

शख्सियत

रजनीकांत

## भारतीय सिनेमा का सुपरस्टार



भारतीय सिनेमा की दुनिया में कुछ नाम सिर्फ सितारे नहीं होते, बल्कि एक युग होते हैं। रजनीकांत ऐसा ही एक नाम है, जो लोकप्रियता, शैली, व्यक्तित्व और विनम्रता का प्रतीक बन चुका है। 12 दिसंबर 1950 को बैंगलोर (कर्नाटक) में जन्मे शिवाजी राव गायकवाड़, दुनिया के सामने "रजनीकांत" के नाम से प्रसिद्ध हुए।

वे भारतीय फ़िल्म उद्योग के उन दुर्लभ कलाकारों में शामिल हैं जिनकी लोकप्रियता भाषा, प्रदेश और देश की सीमाओं को भी पार कर जाती है। पाँच दशकों से अधिक के सफ़र में उन्होंने 170 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है और करोड़ों दर्शकों के दिलों में अपना एक अलग स्थान बनाया है। रजनीकांत एक साधारण मराठी परिवार से आते हैं। उनके पिता पुलिस कांस्टेबल थे जबकि माता गृहिणी थीं। बचपन आर्थिक रूप से बहुत सहज नहीं था। शुरुआती शिक्षा बैंगलोर के सरकारी स्कूल में हुई। पढ़ाई में औसत होने के बावजूद वे नाटकों और खेलों में विशेष रुचि रखते थे। उनकी आध्यात्मिक झुकाव रामकृष्ण मिशन से जुड़ने के बाद विकसित हुआ, जहाँ उन्होंने वेद, धर्म और नैतिकता के पाठ सीखे। स्कूल के बाद उन्हें आजीविका के लिए कुली, बढ़ई और कई छोटे काम करने पड़े। इसके बाद वे बैंगलोर परिवहन सेवा में बस-कंडक्टर बने। इसी दौरान वे नाटकों में भाग लेते थे। उनके एक मित्र राज बहादुर ने उन्हें मद्रास फिल्म संस्थान में दाखिला लेने के लिए प्रेरित किया और आर्थिक मदद भी दी। यही वह कदम था जिसने रजनीकांत के जीवन की दिशा बदल दी। मद्रास फिल्म संस्थान में प्रशिक्षण के दौरान निर्देशक के. बालाचंदर की नजर उन पर पड़ी। उन्होंने ही शिवाजी राव गायकवाड़ को "रजनीकांत" नाम दिया और तमिल भाषा सीखने की सलाह दी। 1975 में रजनीकांत ने बालाचंदर की फिल्म अपूर्व रागंगल से अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत की। शुरुआती दौर में वे अधिकतर खलनायक और ग्रे-शेड वाले किरदार निभाते थे। उनका सिगरेट उछालने का स्टाइल, संवाद बोलने का अंदाज़ और तेज़ स्क्रीन-प्रेज़ेंस दर्शकों में तुरंत लोकप्रिय होने लगा। 1977–78 के बीच वे दक्षिण भारतीय सिनेमा की कई भाषाओं— तमिल, तेलुगु और कन्नड़—में लगातार फिल्मों में दिखाई देने लगे। 1978 की फिल्म बैरवी उनकी पहली ऐसी फिल्म थी जिसमें वे अकेले नायक थे। इस फिल्म ने उन्हें "सुपरस्टार" का दर्जा दिला दिया। 1980 में आई बिल्ला रजनीकांत के करियर का महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। यह अमिताभ बच्चन की फिल्म डॉन का तमिल रीमेक थी, जिसमें रजनीकांत ने दोहरी भूमिका निभाई। यह फिल्म बड़ी व्यावसायिक सफलता बनी और रजनीकांत को मुख्यधारा के प्रमुख नायक के रूप में स्थापित किया। इसके बाद मूंदरू मुगम, थिल्लू मुल्लू, अन्नदुरई, पडिक्कदवन, मिस्टर भारत, वेलाइकरन और मणिथन जैसी फिल्मों ने उनके स्टारडम को मजबूत किया।

जीवन ऊर्जा


अपने जीवन में नियमित और व्यवस्थित रहें, ताकि आप अपने काम में मौलिक और उग्र हो सकें। अस्तित्व को सहन करने का एकमात्र तरीका है, साहित्य में खो जाना, जैसे कि यह एक अनंत उत्सव हो। मूर्खता यह है कि निष्कर्ष निकालने की कोशिश करें।

गुस्ताव फ्लोबेयर : जन्म 12 दिसंबर 1821

जन्म

## सफलता एक परिणाम है, न कि एक लक्ष्य

गुस्ताव फ्लोबेयर का जन्म 12 दिसंबर 1821 को फ्रांस में हुआ था। वे साहित्य की दुनिया के महान उपन्यासकार थे, जिन्हें ₹मैडम बोवेरी₹ जैसे यथार्थवादी उपन्यासों के लिए जाना जाता है। उनकी लेखन शैली को गहन और विश्लेषणात्मक माना जाता है। उनका निधन 8 मई 1880 को हुआ। लेखन की कला, यह जानने की कला है कि आप क्या मानते हैं। अपने जीवन में नियमित और व्यवस्थित रहें, ताकि आप अपने काम में मौलिक और उग्र हो सकें। अस्तित्व को सहन करने का एकमात्र तरीका है, साहित्य में खो जाना, जैसे कि यह एक अनंत उत्सव हो। मूर्खता यह है कि निष्कर्ष निकालने की कोशिश करें। मानव भाषा एक टूटी हुई केतली की तरह है, जिस पर हम भालुओं को नचाने के लिए बेसुरे सुर बजाते हैं, जबकि हम ऐसी संगीत बनाना चाहते हैं जो तारों को पिघला दे। यात्रा आपको विनम्र बनाती है। आप देखते हैं कि दुनिया में आप कितनी छोटी जगह घेरते हैं। जीवन का कोई भी अंश ऐसा नहीं है जिसमें कविता न हो।पढ़ो, बच्चों की तरह मनोरंजन के लिए नहीं, या महत्वाकांक्षी लोगों की तरह शिक्षा के लिए नहीं। नहीं, जीने के लिए पढ़ो। लोकतंत्र का पूरा



सपना यह है कि मजदूर वर्ग को उस मूर्खता के स्तर तक लाया जाए, जो बुर्जुआ वर्ग पहले ही हासिल कर चुका है। उत्साह स्वाद से बेहतर है। सफलता एक परिणाम है, न कि एक लक्ष्य। आप अच्छे इरादों से कला नहीं बनाते। एक लेखक को ब्रह्मांड में भगवान की तरह होना चाहिए, हर जगह उपस्थित लेकिन कहीं भी दिखाई नहीं देना चाहिए। दिल, पेट की तरह, विविध आहार चाहता है। कुछ भी रोचक बन सकता है, अगर आप इसे लंबे समय तक देखें। खुशी एक विकृति है!

अपने विचार

भारत के आईटी और टेक सेक्टर के लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी है। नडेला ने बेंगलुरु में कहा है कि 2030 तक भारत, अमेरिका को पीछे छोड़कर GitHub पर दुनिया का सबसे बड़ा डेवलपर कम्युनिटी वाला देश बन जाएगा।



-सत्या नडेला
माइक्रोसॉफ्ट सीईओ

चुनाव आयोग एसआईआर की सुनवाई के दौरान डीएम के काम की निगरानी के लिए दिल्ली से भाजपा समर्थक अधिकारियों को भेज रहा है। एसआईआर के दौरान अगर एक भी योग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटाया गया तो धरना देंगे।



- ममता बनर्जी
मुख्यमंत्री (पश्चिम बंगाल)

केंद्र की एनडीए सरकार पर सरकारी संस्थानों को कमजोर करने और उन्हें निजी हाथों में सौंपने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह साजिश गहरी है और भारत के भविष्य के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती है।



-राहुल गांधी
कांग्रेस नेता

हम तकनीकी उपलब्धियों की तो खूब सराहना करते हैं, लेकिन वहीं समाज की रोजमर्रा की समस्याओं का हल निकालने वाले असली नवाचार करने वालों को पहचान नहीं मिल पाती।



-सुधा मूर्ति
राज्यसभा मनोनीत सदस्य

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



## महान गणितज्ञ लीलावती : भारतीय गणित की गौरवगाथा

गणितज्ञ लीलावती का नाम हममें से अधिकांश लोगों ने नहीं सुना होगा। कहा जाता है कि वे पेड़ के पत्तों तक की गिनती कर लेती थीं। यह शायद ही लोगों को ज्ञात हो कि आज यूरोप सहित विश्व के अनेक देशों में जिस गणित की पुस्तक से गणित पढ़ाया जाता है, उसकी रचयिता भारत की महान गणितज्ञ महर्षि भास्कराचार्य की पुत्री लीलावती थीं। आज भी गणित के प्रचार और प्रसार में उल्लेखनीय योगदान के लिए "लीलावती पुरस्कार" प्रदान किया जाता है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

दसवीं सदी में दक्षिण भारत में भास्कराचार्य नामक गणित और ज्योतिष विद्या के महान पंडित रहते थे। उनकी एकमात्र संतान लीलावती थीं। ज्योतिषीय गणना से उन्होंने जाना कि विवाह के कुछ समय बाद ही लीलावती विधवा हो जाएँगी। उन्होंने बहुत सोच-विचार कर ऐसा शुभ लग्न खोजा जिसमें यह दुर्भाग्य न घटित हो। विवाह की तिथि और समय जलघड़ी से निर्धारित किया गया।

विवाह के दिन लीलावती सोलह श्रृंगार में सजी बैठी थीं। सभी लोग शुभ लग्न की प्रतीक्षा कर रहे थे। तभी उनके आभूषण का एक मोती जलघड़ी वाले कटोरे में गिर गया और उसके छेद को बंद कर दिया। समय का पता न चल सका और शुभ लग्न बीत गया। विवश होकर विवाह दूसरे लग्न में करना पड़ा और वही ज्योतिषीय शाप सत्य हुआ—लीलावती विधवा हो गईं। यह दुःख पिता और पुत्री दोनों के लिए असहनीय था। पुत्री के वैधव्य का दुःख दूर करने के लिए भास्कराचार्य ने उसे गणित पढ़ाना आरंभ किया। लीलावती ने भी गणित में जीवन की उपयोगिता खोजी और शीघ्र ही वह गणित की महान पंडिता बन गईं। भास्कराचार्य द्वारा रचित 'सिद्धांत शिरोमणि' के चार भागों में से 'लीलावती' नामक भाग गणित के पाटीगणित का ग्रंथ है, जिसमें अधिकांश सामग्री लीलावती के अध्ययन-प्रश्नों पर आधारित है। भास्कराचार्य सूत्रों को काव्यात्मक रूप में प्रस्तुत करते थे ताकि वे सहजता से कंठस्थ हो सकें। वे अपनी बेटी को प्रेमपूर्वक संबोधित करते हुए सरल भाषा में गणित समझाते थे— "अये बाले लीलावति" इसी शैली में लिखा गया ग्रंथ लीलावती आज भी गणित को रोचक, मनोरंजक और




जिज्ञासा से भरपूर बनाने का अद्भुत उदाहरण है।
उदाहरणस्वरूप, एक प्रश्न में वे पूछते हैं— "निर्मल कमलों के समूह के तृतीयांश, पंचमांश और षष्ठमांश से क्रमशः शिव, विष्णु और सूर्य की पूजा की गई, चतुर्थांश से पार्वती की, और शेष छह कमलों से गुरु की पूजा हुई। बताओ, कुल कमल कितने थे?"
उत्तर : 120 कमल
वर्ग, घन और मूल जैसे कठिन विषय भी वे अत्यंत सहज भाषा में समझाते थे। मूल शब्द का प्राचीन अर्थ जड़ या उद्गम था, इसलिए वर्गमूल का अर्थ वर्ग की भुजा और घनमूल का अर्थ घन की भुजा माना जाता था।
सिद्धांत शिरोमणि के चार भाग इस प्रकार हैं—
1. लीलावती
2. बीजगणित
3. ग्रहगणिताध्याय
4. गोलाध्याय

लीलावती का फारसी अनुवाद 1587 में अकबर के दरबारी विद्वान फैजी ने किया और पहला अंग्रेजी अनुवाद 1716 में जे. वेलर ने।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### CISF शहीदों के परिवारों को मिला 1 करोड़ रुपए का अतिरिक्त सम्मान




**मुंबई।** 19 नवंबर 2025 को CISF मुख्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में DG CISF और SBI तथा CISF के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में HC/GD आनंद कुमार और HC/GD मनोज कुमार बिस्वाल के परिवारों को 1 करोड़ की अतिरिक्त सहायता प्रदान की गई। ये दोनों जवान 14 अगस्त 2025 को किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना के दौरान तीर्थयात्रियों को बचाते हुए शहीद हुए थे। उनकी निस्वार्थ बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा ने कई जिंदगियों को बचाया। मौजूदा नियमों के तहत सीआईएसएफ और एमएचए शहीद जवानों के परिवारों को लगभग 60 लाख रुपए की एकमुश्त अनुग्रह राशि देते हैं। SBI-CISF MoU के तहत अतिरिक्त लाभों में हर बेटे के लिए 8 लाख और हर बेटी के लिए 10 लाख की शिक्षा सहायता, दो बेटियों की शादी के लिए 5 लाख रुपए की सहायता और CISF योग्य परिवार के सदस्यों के लिए अनुकंपा नियुक्ति शामिल है। सीआईएसएफ हमेशा अपने शहीदों के परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा, और देश उनकी बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान को सदैव याद रखेगा।

### यह वर्चस्व की नहीं, अस्तित्व की लड़ाई: सांसद मामा



भिवंडी। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम लोकनेता दि. बा. पाटील के नाम पर रखने की मांग को लेकर समाज एकजुट होने की जरूरत है। भिवंडी लोकसभा के सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाळ्या मामा ने कहा कि यह वर्चस्व की नहीं, बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है। इस मांग को मजबूती देने के लिए 22 दिसंबर को भिवंडी मानकोली से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक पदयात्रा और 'भूमिपुत्र धड़क मोर्चा' का आयोजन किया जाएगा, जिसका नेतृत्व स्वयं सांसद बाळ्या मामा करेंगे। पदयात्रा की रूपरेखा तय करने के लिए गुरुवार को मानकोली स्थित आर.सी. फाउंडेशन में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ नेता आर.सी. पाटील, उद्धव शिवसेना के नेता विश्वास थळे, वरिष्ठ कार्यकर्ता कृष्णकांत कोंडलेकर और शिंदे गुट शिवसेना के पदाधिकारी अरुण पाटील, कुंदन पाटील, सोन्या पाटील सहित बड़ी संख्या में नागरिक और भूमिपुत्र मौजूद थे। सांसद बाळ्या मामा ने कहा कि दि. बा. पाटील समाज और देश के बड़े नेता थे और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए हवाई अड्डे का नाम उनके नाम से ही होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि 22 दिसंबर से शुरू होने वाली पदयात्रा तब तक जारी रहेगी जब तक यह मांग पूरी नहीं होती।

# पश्चिम रेलवे ने मनाया सिविल डिफेन्स वार्षिक दिवस





### आपातकालीन तकनीकों का लाइव प्रदर्शन

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

पश्चिम रेलवे सिविल डिफेन्स संगठन ने गुरुवार, 11 दिसम्बर, 2025 को महालक्ष्मी स्थित पश्चिम रेलवे स्पोर्ट्स ग्राउंड में वार्षिक दिवस का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और सिविल डिफेन्स ध्वज फहराया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, स्वयंसेवकों, कर्मचारियों और उनके परिवारों को संबोधित करते हुए सामुदायिक क्षमता निर्माण और संकट की स्थिति में लोगों की सहायता करने का आवाहन किया।

सिविल डिफेन्स स्वयंसेवकों ने विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों—जैसे हवाई हमले, बम विस्फोट और कोच में आग—के दौरान अपनाई जाने वाली बचाव और राहत तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। विशेष अग्निशमन ड्रिल में फायर–बॉल का उपयोग कर आग बुझाने की प्रक्रिया दिखाई गई। इसके अलावा, रेलवे परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने और ट्रेसपासिंग रोकने के महत्व को दर्शाने हेतु एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

### औपचारिक परेड और महिला टुकड़ी की भागीदारी

कार्यक्रम की शुरुआत नौ टुकड़ियों की औपचारिक परेड से हुई, जिसमें एक सर्व–महिला टुकड़ी भी शामिल थी। यह परेड न केवल अनुशासन और एकता का प्रदर्शन थी, बल्कि रेलवे में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को भी उजागर करती है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उपस्थित दर्शकों ने टुकड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की।

### महाप्रबंधक का संदेश और राष्ट्रपति का अभिप्रेषित संदेश

विवेक कुमार गुप्ता ने स्वयंसेवकों की निष्ठा, समर्पण और सेवाभाव की सराहना करते हुए उन्हें लगातार योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान भारत के राष्ट्रपति का संदेश भी पढ़ा गया, जिसमें सिविल डिफेन्स की भूमिका और रेलवे नेटवर्क में सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया गया।पश्चिम रेलवे ने इस अवसर पर अपनी सिविल डिफेन्स तैयारियों को और अधिक मजबूत करने तथा सुरक्षा, लचीलापन और सामुदायिक सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम का सफल आयोजन उप महाप्रबंधक (जी) एवं नियंत्रक, सिविल डिफेन्स उज्ज्वल देव के मार्गदर्शन में किया गया। यह आयोजन रेलवे में सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया की प्रभावशीलता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया।

# पड़घा में डॉग बाइट से 5 वर्षीय मासूम की मौत

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

सरकारी अस्पतालों पर लापरवाही के गंभीर आरोप, ग्रामीणों में उबाल

भिवंडी तालुका के पड़घा, बोरीवली गांव में कुत्ते के काटने के बाद 5 वर्षीय राहिल रियाज़ शेख की मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। परिजनों ने सरकारी अस्पतालों पर गंभीर लापरवाही और वैक्सीन की कमी का आरोप लगाया। बच्चे को आज गांव के कब्रिस्तान में दफनाया गया। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने पड़घा सरकारी अस्पताल में हंगामा किया।

### समय पर नहीं मिला इलाज



घटना 20 नवंबर की शाम हुई, जब राहिल को आवारा कुत्ते ने काट लिया। उसे तुरंत पड़घा सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां केवल दो एंटी–रेबीज़ इंजेक्शन उपलब्ध थे। इसके बाद बच्चे को भिवंडी के इंदिरा गांधी मेमोरियल अस्पताल भेजा गया, लेकिन पांचवां इंजेक्शन उपलब्ध न होने के कारण परिजन उसे बार–बार अलग–अलग अस्पतालों में ले जाते रहे। इस बीच बच्चे की तबीयत बिगड़ती गई और उसे ठाणे सिविल तथा फिर कस्तूरबा अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

### अस्पताल की प्रतिक्रिया और गंभीर लापरवाही

पड़घा सरकारी अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रदीप अशोक पाटिल ने बताया कि राहिल को ग्रेड–3 डॉग बाइट के साथ लाया गया था और गंभीर मामलों में रेबीज़ इम्यूनोग्लोबुलिन देना आवश्यक होता है, जो PHC स्तर पर उपलब्ध नहीं है। इसलिए उसे भिवंडी भेजा गया। हालांकि बच्चे को बाद के इंजेक्शन भी दिए गए, लेकिन 9 दिसंबर को जब उसे दोबारा अस्पताल लाया गया, तब रेबीज़ के गंभीर लक्षण दिखाई देने लगे, जिसके कारण उसे ठाणे और फिर कस्तूरबा हॉस्पिटल रेफर किया गया। मासूम की मौत के बाद गांव में शोक और गुस्सा दोनों फैला है। ग्रामीण प्रशासन से आवारा कुत्तों पर नियंत्रण, रेबीज़ वैक्सीन की स्थायी उपलब्धता, डॉक्टरों की तैनाती और एम्बुलेंस सुविधा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर होती और वैक्सीन समय पर उपलब्ध होती, तो शायद राहिल की जान बचाई जा सकती थी।

### ग्रामीणों का आरोप

गांव के लोगों का कहना है कि डॉग बाइट की घटनाएँ आम हो चुकी हैं। पिछले दो–तीन दिनों में 20 से 30 बच्चे कुत्तों के हमले का शिकार हुए हैं। आरोप है कि बाहर के इलाकों से कुत्तों को पकड़कर पड़घा में छोड़ा जाता है, जिससे हमले बढ़ गए हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सरकारी अस्पताल में न वैक्सीन रहती है, न डॉक्टर मौजूद होते हैं और कई बार एम्बुलेंस समय पर नहीं मिलती।

# मध्य रेल ने मुंबई-हावड़ा के बीच विशेष ट्रेन सेवाएं शुरू की

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए, मध्य रेल ने मुंबई (सीएसएमटी) और हावड़ा के बीच विशेष ट्रेन सेवाएं संचालित करने का निर्णय लिया है। यह सेवाएं यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा और आरामदायक यात्रा का विकल्प प्रदान करेंगी। हावड़ा से सीएसएमटी के लिए ट्रेन संख्या 02870 गुरुवार, 11 दिसंबर 2025 को दोपहर 1:55 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार रात 11:45 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। वहीं, सीएसएमटी से हावड़ा के लिए ट्रेन संख्या 02869 शनिवार, 13 दिसंबर 2025 को सुबह 11:05 बजे चलेगी और रविवार रात 8:55 बजे हावड़ा पहुंचेगी।

### मुख्य ठहराव और संरचना



इन विशेष ट्रेनों के ठहराव में कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, अकोला, बडनेरा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, टाटानगर और खड़गपुर शामिल हैं। ट्रेन की संरचना में 2 एसी 2–टियर, 5 एसी 3–टियर, 2 एसी 3–टियर इकोनॉमी, 6 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गाड़र्स ब्रेक वैन और 1 जनरेटर/सामान वैन उपलब्ध है, जिससे यात्रियों को सुविधा और आराम दोनों सुनिश्चित हों।

# म्हाडा नासिक बोर्ड ने 447 फ्लैट्स की बिक्री के लिए कंप्यूटर लॉटरी निकाली

**डीबीडी संवाददाता । नासिक**

नासिक हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट बोर्ड ने नासिक शहर के गंगापुर, देवलाली, पाथर्डी, म्हसरुल, नासिक और अगर तकली शिवारों में अपने हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के तहत 447 फ्लैट्स की बिक्री के लिए कंप्यूटर लॉटरी निकाली। इस लॉटरी के लिए 947 आवेदन प्राप्त हुए। बोर्ड चेयरमैन रंजन ठाकरे ने बताया कि म्हाडा राज्य के हर बेघर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण और सस्ते घर उपलब्ध कराने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले साल में 20 नए प्रोजेक्ट्स के ज़रिए 2000 घर बनाना लक्ष्य है।



### लॉटरी का विवरण और प्रक्रिया

इस लॉटरी में म्हाडा हाउसिंग स्कीम के 60 फ्लैट और 20 प्रतिशत कॉम्प्रिहेंसिव हाउसिंग स्कीम के 387 फ्लैट शामिल थे। MHADA हाउसिंग स्कीम के लिए 234 और कॉम्प्रिहेंसिव हाउसिंग स्कीम के लिए 713 आवेदन प्राप्त हुए। लॉटरी के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और आवेदन जमा करने की प्रक्रिया 4 सितंबर को शुरू हुई थी। कार्यक्रम में हाई–लेवल मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य, डिप्टी डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर और अन्य अधिकारी मौजूद थे।


### बोर्ड के अधिकारियों का बयान

म्हाडा के चीफ ऑफिसर शिवकुमार अवलकांठे ने बताया कि यह साल का तीसरा ड्रॉ है और इससे पहले बोर्ड ने 379 फ्लैट, 105 दुकानें और 32 प्लॉट सफलतापूर्वक बांटे हैं। उन्होंने कहा कि एडवांस कंट्रीब्यूशन के आधार पर 402 फ्लैट की बिक्री के लिए चौथे ड्रॉ के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके अलावा पाथर्डी और जलगांव में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल और धुले–जलगांव में सीनियर सिटिजन के लिए आधार आश्रम बनाने की योजना है।

# ऑनलाइन बिल भुगतान को प्राथमिकता दे रहे उपभोक्ता

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

डिजिटल युग में महावितरण भांडुप प्रभाग के उपभोक्ता तेजी से ऑनलाइन बिल भुगतान की ओर बढ़ रहे हैं। व्यस्त जीवनशैली और समय की बचत के चलते लोग अब घर बैठे डिजिटल माध्यमों से अपने बिजली बिल चुकाना पसंद कर रहे हैं। इससे न केवल भुगतान प्रक्रिया सुगम हुई है, बल्कि कतारों में खड़े होने की समस्या भी कम हुई है।



### नवंबर में 20 लाख से अधिक डिजिटल लेनदेन

नवंबर महीने में घरेलू, वाणिज्यिक और लघुदाब श्रेणी के उपभोक्ताओं ने 20 लाख 09 हजार से अधिक ऑनलाइन भुगतान किए। इस आंकड़े से स्पष्ट होता है कि डिजिटल भुगतान उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुरक्षित, तेज और सुविधाजनक विकल्प बन गया है।

### मंडलवार ऑनलाइन भुगतान की स्थिति

विभिन्न मंडलों में ऑनलाइन भुगतान की संख्या इस प्रकार रही: पेण मंडल में 4,31,090, ठाणे मंडल में 6,51,598 और वाशी मंडल में सबसे अधिक 9,26,878 भुगतान दर्ज हुए। ऑनलाइन भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं ने प्रॉम्प्ट पेमेंट डिस्काउंट का भी लाभ उठाया, जो महावितरण द्वारा 0.25% (अधिकतम 500 रुपये तक) की छूट के रूप में प्रदान किया जाता है। महावितरण पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कागज़ रहित बिलिंग को प्रोत्साहित कर रहा है। ईमेल और SMS बिल विकल्प चुनने वाले ग्राहकों को 10 रुपये प्रति बिल की छूट दी जा रही है, जिससे सालाना 120 रुपये की बचत होती है। इसके अलावा, गो–ग्रीन योजना के तहत पहले ही बिल में अगले 12 महीनों की एकमुश्त 120 रुपये की छूट मिलती है।

### सुरक्षित और सुविधाजनक ऑनलाइन भुगतान प्रक्रिया

ऑनलाइन बिल भुगतान भारतीय रिज़र्व बैंक के पेमेंट एंड सेटलमेंट एक्ट 2007 के तहत पूरी तरह सुरक्षित है। भुगतान के तुरंत बाद उपभोक्ताओं के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर SMS रसीद भेजी जाती है। इसके साथ ही, महावितरण की वेबसाइट www.mahadiscom.in पर पुराने भुगतान और रसीदें भी देखी जा सकती हैं। किसी भी शंका या शिकायत के लिए उपभोक्ता helpdesk_pg@mahadiscom.in पर संपर्क कर सकते हैं। महावितरण भांडुप प्रभाग के मुख्य अभियंता संजय पाटिल ने उपभोक्ताओं से अधिकाधिक ऑनलाइन भुगतान अपनाने और छूट का लाभ उठाने की अपील की है।

# स्मार्ट सिटी इनोवेशनः एमएलआईटी जापान और ठाणे मनपा के बीच करार

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे और जापान के भूमि, बुनियादी ढांचा और परिवहन मंत्रालय (MLIT) के बीच सूचना प्रौद्योगिकी और स्मार्ट सिटी इनोवेशन के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता किया गया। इस समझौते से ठाणे में डिजिटल शासन, नागरिक सेवाओं में सुधार और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को नई गति मिलेगी। समारोह में MLIT के सूचना परियोजना उप मंत्री कावामुरा केनिची और ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव उपस्थित रहे।

### स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीकी सहयोग



इस एग्रीमेंट के तहत दोनों पक्ष ठाणे शहर की जरूरतों के हिसाब से स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम डेवलपमेंट, क्षमता निर्माण, नॉलेज शेयरिंग और डिजिटल सॉल्यूशंस के पायलट इम्प्लीमेंटेशन पर काम करेंगे। आयुक्त सौरभ राव ने कहा कि यह साझेदारी ठाणे में नागरिक–केंद्रित, कुशल और लचीली शहरी शासन प्रणाली विकसित करने में मदद करेगी। इस समझौते ने भारत–जापान तकनीकी सहयोग के नए युग की नींव रखी है। दोनों संगठन ICT आधारित समाधान, स्मार्ट सिटी मैनेजमेंट और इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स पर मिलकर काम करेंगे। इस पहल में ठाणे मनपा के वरिष्ठ अधिकारी और कंसल्टेंसी फर्म मेसर्स पैलेडियम ने भी अहम भूमिका निभाई। आने वाले वर्षों में यह सहयोग डिजिटल परियोजनाओं और तकनीकी प्रगति के रास्ते को और मजबूत करेगा।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी अपरिचित की बातों में न आएं। धनहानि हो सकती है। थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृष** व्यवसाय धीमा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की नाराजी झेलनी पड़ सकती है। परिवार में मनमुटाव हो सकता है। सुख के साधनों पर व्यय सोच–समझकर करें। निवेश करने से बचें। व्यापार ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ तथा व्यय की अधिकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। कार्य की गति धीमी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कर्क** नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। उत्साह से काम कर पाएंगे। किसी की बातों में न आएं।

**सिंह** कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें। यात्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

**कन्या** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम–प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी।

**तुला** तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है। जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।

**धनु** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा।

**मकर** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा।

**कुंभ** यात्रा सफल रहेगी। शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं। भरपूर प्रयास करें।

**मीन** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा। संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है। भाइयों का साथ मिलेगा।

# प्रेम, पीड़ा और पूर्वजन्मी डोरियों से बुनी अदृश्य नियति की कहानी

ज्योतिष में कुछ स्थितियाँ ऐसी होती हैं जो जीवन को केवल बदलती नहीं, बल्कि भीतर से पुनर्जन्म देती हैं। सप्तम भाव का स्वामी जब कुंडली के द्वादश भाव में प्रवेश करता है, तो यह वैसा ही ग्रहयोग है — मौन, गहरा, अदृश्य और अत्यंत शक्तिशाली। यह वह अवस्था है जहाँ प्रेम केवल संबंध नहीं रहता, बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा बन जाता है। रिश्ते शरीर से नहीं, आत्मा से शुरू होते हैं। विवाह एक अनुबंध नहीं, पिछले जन्मों का अधूरा अध्याय बनकर लौटता है। यह स्थिति चुपचाप प्रेम का मार्ग बदल देती है। यह उस प्रेमी की कहानी है जो अपनी जिंदगी में सहज, सामान्य, सरल संबंध नहीं लाता। बल्कि ऐसा संबंध लाता है जिसमें गहराई है, रहस्य है, दूरी है, प्यास है, और कभी—कभी मौन में जलती एक अदृश्य अग्नि भी है। सप्तम भाव हमारे जीवन में आने वाले लोगों, विवाह, साझेदारी, चुंबकीय आकर्षण और हमारे भावनात्मक भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है। किंतु जब इसका स्वामी बारहवें




**प्रियंका जैन**
**9769994439**

भाव में आ जाता है, तब प्रेम बाहर की दुनिया की रोशनी से निकलकर भीतर की परछाइयों में प्रवेश करता है। यह स्थिति बताती है कि व्यक्ति का प्रेम जीवन साधारण सांसारिक नियमों पर नहीं चलता — वह कर्म पर चलता है, ऋण पर चलता है और उन डोरियों पर चलता है जो कोई नहीं देख पाता, लेकिन जिन्हें आत्मा पहचान लेती है।

ऐसे लोग अक्सर यह नहीं समझ पाते कि उनके रिश्ते जटिल क्यों होते हैं। क्यों साथी दूर हो जाता है। क्यों प्रेम में मौन बढ़ जाता है। क्यों विवाह देर से होता है। क्यों आकर्षण विदेशी लोगों की ओर जाता है। क्यों हर प्रेम कहानी किसी पिछले जन्म की कड़ी जैसी लगती है।

उत्तर बारहवें भाव में छिपा होता है — त्याग का भाव, मोक्ष का भाव, अवचेतन इच्छाओं का भाव, खोए हुए और अधूरे संबंधों का भाव। यह ग्रहयोग अपने साथ तीव्र कर्म लाता है। ऐसे व्यक्ति का प्रेम कोई साधारण प्रेम नहीं होता। यह प्रेम आत्मा को परखता है, घावों को खोलता है, धैर्य को खिंचता है, और अंत में व्यक्ति को भीतर से बदल देता है।

इस स्थिति वाले व्यक्तियों को जीवन में ऐसे साथी मिलते हैं जो अविस्मरणीय होते हैं। वह साथी कभी दूरी देकर, कभी जुड़ाव देकर, कभी मौन रहकर, और कभी आध्यात्मिक संकेतों के माध्यम से जीवन में गहरा असर छोड़ता है। यह प्रेम सुख के लिए नहीं, विकास के लिए आता है। यह प्रेम व्यक्ति को सीधा उसके अवचेतन के सामने खड़ा कर देता है। कई बार ऐसे जातक को अपने साथी से भावनात्मक दूरी मिलती है, लेकिन उसी दूरी में मन गहराई से प्रेम करना सीखता है। कई बार विवाह में देरी हो जाती है, लेकिन देर से आए संबंध की आध्यात्मिक तीव्रता और भी अधिक होती है। कई बार गुप्त भावनाएँ, छिपे हुए आकर्षण, अनकहे डर और अनसुनी पीड़ा जीवन का हिस्सा बन जाते हैं।

इस योग के साथ विदेशी आकर्षण भी जुड़ जाता है — व्यक्ति का मन अनजानी जगहों, नए देशों, दूसरी भाषाओं, दूसरे संस्कारों और विदेशी लोगों की ओर खिंचता है। विवाह के बाद विदेश बसना, विदेश से लाभ होना या साथी का विदेशी संबंधों से जुड़ा होना बहुत सामान्य बात है। लेकिन इस ग्रहयोग की सबसे अद्भुत बात है — यह एक आत्मिक अनुबंध होता है। ऐसे जातक का अपने साथी के साथ पिछले जन्मों का संबंध होता है। कभी ऋण का। कभी अधूरे प्रेम का। कभी त्याग का। कभी वियोग का। इस जन्म में वही अध्याय फिर से खुलता है, और प्रेम एक साधना की तरह उसे पूरा कराने आता है।

न्यूज़ ब्रीफ

## रामगोपाल हत्याकांड के आरोपी सरफराज को फांसी की सजा

**बहराइच।** यूपी के बहराइच में रामगोपाल हत्याकांड मामले में दोषियों को सजा सुना दी गई है। मुख्य दोषी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई गई है। जबकि,आठ दोषियों को आजीवन करावास की सजा सुनाई गई। एक अन्य दोषी सैफ अली को आठ वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही एक-एक लाख का जुर्माना लगाया गया है। घटना 13 अक्तूबर 2024 की है। जब दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान रामगोपाल की हत्या कर दी गई थी। इससे पहले बुधवार को आए फैसले में अदालत ने मुख्य आरोपी सरफराज उर्फ रिंकू, उसके पिता अब्दुल हमीद, दो भाइयों फहीम और तालिब उर्फ सबलू सहित 10 आरोपियों को दोषी ठहराया था। बृहस्पतिवार दोपहर बाद इन्हें कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे।

## जेल में बंद आजम खां को राहत, कोर्ट ने किया बरी

**लखनऊ।** अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में जेल में बंद सपा के राष्ट्रीय महासचिव मो. आजम खां को गुरुवार को सेना पर विवादित बयान के मामले में बड़ी राहत मिली है। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में आजम खां को बरी कर दिया है। फैसले के दौरान आजम खां वीडियो कांफ्रेंसिंग से कोर्ट में पेश हुए। दोषमुक्त होने पर कोर्ट का शुक्रिया अदा किया। वर्ष 2017 में सपा नेता आजम खां ने प्रेस कांफ्रेंस की थी। इस दौरान सेना पर विवादित बयान देने का आरोप लगा था। इस मामले में भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने 29 जून 2017 में आजम के खिलाफ केस दर्ज कराया था। जिसमें आरोप था कि आजम ने सेना में भी हिन्दू-मुस्लिम फैलाने और सेना के मनोबल को गिराने का काम किया है। पुलिस ने जांच के बाद विवेचना आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया था। केस का ट्रायल एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट शोभित बंसल की अदालत में चला। जहां दोनों पक्षों की बहस एक दिसंबर को पूरी हो गई थी। अदालत ने फैसले के लिए 11 दिसंबर की तारीख मुकर्रर की थी। गुरुवार को आजम खां जिला जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। जहां अदालत ने उन्हें साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया।

## फैक्ट्री में बिना लाइसेंस बन रही थीं दवाइयां, जब्त

**ऊना।** ऊना के बाथू इलाके में पुलिस और ड्रग विभाग ने देर रात बिना लाइसेंस चल रही टाइटन फार्मा यूनिट पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब छह लाख रुपये की तैयार दवाइयां और कैप्सूल बरामद किए। 14 साल पहले बंद हो चुकी यह यूनिट चोरी-छिपे दवा निर्माण कर रही थी। विशेष अन्वेषण शाखा इंचार्ज सुनील कुमार सांख्यान की अगुवाई में टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बाथू स्थित टाइटन फार्मा में कार्रवाई की। इस दौरान परिसर में अवैध रूप से तैयार गोलियों और कैप्सूल का बड़ा जखीरा मिला। बरामद दवाओं में ऐसीफ्लर-एसपी की 12,000 गोलियां, सैडलर-बी की 19,000 गोलियां, ओमिगो-डी के 12,000 कैप्सूल, मोक्सीगो-सीवी के 150 डिब्बे, ओरिक्लान-एमडी के 56 डिब्बे, तीन किलो खुली टैबलेट, 15 किलो कैप्सूल और फ्लूकलैन की 500 स्ट्रिप्स शामिल हैं।

# ट्रैक्टर-ट्राली से भिड़ी बोलेरो, तीन श्रद्धालुओं की मौत

## एमपी के रीवा से अयोध्या जा रहे थे बोलेरो सवार, 11 घायल

### प्रयागराज हाईवे पर भदरसा गांव के समीप सुबह हुआ हादसा

अयोध्या। अयोध्या जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हो गए। मध्य प्रदेश के रीवा से रामलला के दर्शन हेतु आ रही बोलेरो गाड़ी कल्याण भदरसा गांव के समीप प्रयागराज हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। दुर्घटना सुबह लगभग पांच बजे हुई। टक्कर की सूचना मिलते ही पूराकलंदर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से घायलों को जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने और घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।



### बेकाबू टैंकर ने वाहनों को रौंदा, खलासी की मौत

सुलतानपुर। लखनऊ–वाराणसी हाईवे पर बेदूपारा के पास बुधवार रात एक अनियंत्रित टैंकर ने तेजी से दौड़ते हुए लगभग छह वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में एक खलासी की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हुए। मृत खलासी का शव गुरुवार सुबह टैंकर के नीचे से जेसीबी की मदद से निकाला गया। टैंकर ने पहले एक मोटरसाइकिल को 500 मीटर तक घसीटते हुए टक्कर मारी, इसके बाद टेंपो, स्कॉर्पियो, डिजायर और दो अन्य मोटरसाइकिलों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। दुर्घटना के बाद टैंकर सड़क किनारे पलट गया। भीड़ ने चालक की पिटाई का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति संभाल ली। घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जिनमें से छह को गंभीर स्थिति में रेफर कर दिया गया। पुलिस ने टैंकर चालक सीतापुर निवासी सुधीर को हिरासत में ले लिया है, जबकि मृत खलासी की पहचान रचित कुमार के रूप में हुई है।

# वाराणसी में आंगनवाड़ी कार्यकत्री की हत्या

### कमरे में मिला रक्तरंजित शव, पति के घर लौटने पर हुई वारदात की जानकारी

वाराणसी। शिवपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर में गुरुवार सुबह एक आंगनवाड़ी कार्यकत्री की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। 45 वर्षीय अनुपमा उर्फ सीता का शव उनके घर के कमरे में खून से लथपथ अवस्था में मिला। घटना की जानकारी होते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार, मृतका का पति शैलेश दूध व्यवसाय करता है और रोज की तरह सुबह दूध वितरण के लिए घर से निकल गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो कमरे में पत्नी का शव देखकर दहशत में आ गया। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि मृतका के मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था और उसके सिर पर धारदार हथियार तथा किसी भारी वस्तु से हमला किया गया। आशंका है कि अपराधियों ने वारदात के बाद कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था।



### चार माह की गर्भवती थी अनुपमा

परिजनों ने बताया कि दंपती की शादी को लगभग 15 वर्ष हो चुके हैं और हाल ही में अनुपमा चार माह की गर्भवती थीं। पति के बाजार जाने के बाद वह घर में खाना बनाने की तैयारी कर रही थीं। एडीसीपी नीतू कात्यायन, एसीपी नितिन और फॉरेंसिक अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस का कहना है कि हत्या के सभी संभावित कारणों की जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल, लूटी आबरू

## महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच

ग्रेटर नोएडा। थाना सूरजपुर क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति पर नहाते समय उसकी गुप्त रूप से आपत्तिजनक वीडियो बनाने, उसे आधार बनाकर लंबे समय तक ब्लैकमेल करने और दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता, जो एक निजी अस्पताल में कार्यरत है और दो बच्चों की अकेले परवरिश कर रही है, ने बताया कि वह पहले दुर्गा टॉकीज के पास किराए के मकान में रहती थी। इसी दौरान उसकी पहचान सहकर्मी शिवकुमार से हुई। आरोप है कि शिवकुमार ने धीरे-धीरे उसके घर आना-जाना बढ़ा दिया और उसके मकान के पास ही कमरा लेकर रहने लगा। शिकायत के अनुसार, करीब छह माह पहले शिवकुमार ने नहाते समय चोरी-छिपे उसकी अश्लील वीडियो बना ली और उसके आधार पर उसे लगातार ब्लैकमेल करता रहा। पीड़िता का कहना है कि धमकी के चलते उसने कई बार जबरन दुष्कर्म भी किया और अलग-अलग तरीके से उसकी और भी आपत्तिजनक तस्वीरें व वीडियो तैयार कर लिए।



### कमरा बदलने पर भी देता रहा धमकी

पीड़िता ने बताया कि उत्पीड़न से परेशान होकर वह अक्टूबर में सूरजपुर क्षेत्र छोड़कर बिसरख में रहने लगी, लेकिन आरोपियों की हरकतें बंद नहीं हुईं। महिला का आरोप है कि शिवकुमार ने उसकी निजी सामग्री अपने साथियों लेखराम, गुड्डू और कोमल को भी दे दी, जो उसे फोन कर धमकाते हैं तथा वीडियो भेजकर ब्लैकमेल कर रहे हैं। पीड़िता के अनुसार, आरोपी सोशल मीडिया पर उसकी निजी वीडियो भी प्रसारित कर रहे हैं। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्राथमिकी में ब्लैकमेलिंग, दुष्कर्म, आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने और धमकी देने जैसी धाराएं शामिल की गई हैं। पुलिस सभी आरोपों की जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# चाइनीज मांझे से शिक्षक का गला कटा, मौत

### बेटी को स्कूल छोड़कर लौटते समय हुआ हादसा





जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर में कोतवाली थाना क्षेत्र के शास्त्री ब्रिज पर गुरुवार की सुबह लगभग 8 बजे संदीप तिवारी (40) पुत्र विष्णु दत्त तिवारी निवासी उमरपुर हरिबंधनपुर चाइनीज मंझे की चपेट में आ गए और उनकी गर्दन बुरी तरह से कट गई । वे अपनी बेटी मन्नत को बाइक से सेंट पैट्रिक स्कूल छोड़कर घर लौट रहे थे। संदीप तिवारी एक निजी संस्थान में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। घायल शिक्षक को स्थानीय लोगों के सहयोग से एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया है। चाइनीज मांझा बंद होने के बाद भी आज भी खुलेआम धड़ले से बिक रहा है, जिससे लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इस मामले में कोतवाली प्रभारी विश्व नाथ प्रताप सिंह ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम के लिय भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# लोको पायलट की सजगता से ट्रेन पलटाने की साजिश नाकाम

बागपत। दिल्ली–शामली रेलमार्ग पर बावली रेलवे हाल्ट के पास शरारती तत्वों द्वारा ट्रैक पर लोहे का पोल रखकर मालगाड़ी को पटरी से उतारने की साजिश नाकाम हो गई। बुधवार रात लोको पायलट की समय रहते सतर्कता और इमरजेंसी ब्रेक लगाने से ट्रेन हादसा टल गया। बड़ौत से शामली की ओर जा रही मालगाड़ी जैसे ही बावली हाल्ट के पास पहुंची, लोको पायलट ने ट्रैक पर पोल देखा और तुरंत ट्रेन रोक दी। सूचना मिलते ही रेलवे और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और पोल को हटाकर ट्रेन को दोबारा रवाना किया। इस मामले में बड़ौत कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आसपास के गांवों में टीम भेजकर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

## व्यापार जगत

# ग्रामीण आय और उपभोग में बढ़ोत्तरी

## नाबार्ड के सर्वे में आर्थिक ढांचे में मजबूत सुधार के संकेत

### आधारभूत संरचना के सुदृढ़ होने से तेज हुईं गतिविधियां

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा दो माह की अवधि में कराए गए नवीनतम सर्वेक्षण में ग्रामीण अर्थव्यवस्था में व्यापक सुधार के संकेत मिले हैं। रिपोर्ट के अनुसार बढ़ती आय, उपभोग में वृद्धि और आधारभूत संरचना के सुदृढ़ होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं। नाबार्ड के आठवें ग्रामीण आर्थिक स्थिति एवं मत सर्वेक्षण (आरईसीएसएस) के निष्कर्ष बताते हैं कि 80 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों ने पिछले एक वर्ष में उपभोग में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की है।



### 58.3% ग्रामीण परिवारों ने यूज किया ऋण

औपचारिक ऋण तक पहुंच में भी व्यापक सुधार दर्ज किया गया है। इस बार 58.3 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों ने औपचारिक ऋण स्रोतों का उपयोग किया, जो अब तक का सर्वाधिक स्तर है। हालांकि, लगभग 20 प्रतिशत परिवार अभी भी अनौपचारिक ऋण पर निर्भर हैं। सर्वेक्षण के अनुसार ग्रामीण परिवारों की औसत मासिक आय का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं—जैसे सस्ता राशन, बिजली-पानी सब्सिडी, गैस, पेंशन और परिवहन लाभ—द्वारा पूरा किया जा रहा है।

# घरेलू शेयर बाजार मजबूत सेंसेक्स में 427 अंक की बढ़त

**नई दिल्ली।** सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 426.86 अंक (0.51 प्रतिशत) चढ़कर 84,818.13 पर बंद हुआ, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 140.55 अंक (0.55 प्रतिशत) उछलकर 25,898.55 के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स की 30 प्रमुख कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, इटर्नल, मारुति सुजुकी, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, सन फार्मा और टेक महिंद्रा के शेयरों में खरीदारी देखी गई। वहीं भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, टाइटन, आईटीसी, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में कमजोरी दर्ज की गई।



### नुकसान में अंतरराष्ट्रीय बाजार

अंतरराष्ट्रीय बाजारों की बात करें तो जापान का निक्की 225, चीन का एसएसई कम्पोजिट, हांगकांग का हैंग सेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहे। ब्रेंट क्रूड भी 0.63 प्रतिशत फिसलकर 61.82 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बुधवार को बाजार दबाव में रहा था, जब सेंसेक्स 275 अंक लुढ़ककर 84,391.27 और निफ्टी 81.65 अंक टूटकर 25,758 पर बंद हुआ था।

# AI इकोसिस्टम में माइक्रोसाफ्ट करेगा 17.5 अरब डालर का निवेशः नडेला

**बेंगलुरु।** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी सत्य नडेला ने कहा कि कंपनी भारत के कृत्रिम मेधा (एआई) इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए बड़े स्तर पर निवेश कर रही है। उन्होंने बताया कि भारत में 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रस्तावित निवेश एशिया में माइक्रोसॉफ्ट का अब तक का सबसे बड़ा निवेश होगा। बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में नडेला ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट भारत में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने को लेकर उत्साहित है। कंपनी क्लाउड क्षेत्र में अपनी उपस्थिति तेजी से बढ़ा रही है और एआई आधारित भविष्य के लिए देश में लाखों युवाओं को प्रशिक्षित करने पर फोकस कर रही है। उन्होंने डिजिटल संप्रभुता और साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। नडेला ने यह भी बताया कि उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हुई मुलाकात में इस निवेश को लेकर सरकार की गहरी रुचि और उत्साह देखने को मिला। यह निवेश माइक्रोसॉफ्ट द्वारा पहले घोषित तीन अरब डॉलर की प्रतिबद्धता से अलग होगा।



### 70 से अधिक डेटा सेंटर सक्रिय

नडेला ने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट के 70 से अधिक डेटा सेंटर क्षेत्र विश्वभर में सक्रिय हैं। भारत में कंपनी की मौजूदगी लगातार बढ़ रही है और वर्तमान में मध्य भारत, पश्चिम भारत और दक्षिण भारत में क्लाउड नेटवर्क संचालित हो रहा है। जियो के साथ साझेदारी के अलावा, 2026 तक दक्षिण मध्य भारत में एक नया पर्यावरण–अनुकूल डिजिटल सेंटर स्थापित किया जाएगा। नडेला के अनुसार, कंपनी भारत में एआई कौशल विकास को प्राथमिकता दे रही है और आने वाले समय में दो करोड़ लोगों को एआई स्किल्स में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि ई–श्रम जैसी सरकारी पहलें यह दर्शाती हैं कि एआई असंगठित श्रमिकों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# अमेरिकी फेड ने की तीसरी बार ब्याज दर में कटौती

### भारत में आरबीआई स्थिर नीति पर

एजेंसी । नई दिल्ली

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने वर्ष 2025 के अंत में फेडरल फंड्स रेट को 3.50%–3.75% के दायरे में घटाते हुए तीसरी लगातार ब्याज दर कटौती की घोषणा की है। इस वर्ष कुल 75 आधार अंकों की कटौती की गई है। यह कदम अमेरिकी श्रम बाजार के कमजोर संकेतकों और सरकारी शटडाउन के कारण आर्थिक डेटा प्रवाह में बाधा के बीच उठाया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री दिपानविता मजूमदार ने बताया कि वैश्विक रुझानों और घरेलू स्थिति को देखते हुए भारत का रेपो रेट 2026 में 5% पर स्थिर रहने की संभावना है। फेड की नीति उभरती अर्थव्यवस्थाओं को अपने मौद्रिक फैसलों में बदलाव करने के लिए प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच नीतिगत दर का अंतर अब नियंत्रित है, क्योंकि आरबीआई ने अमेरिकी कटौती की तुलना में अपने ब्याज दर में तेजी से बदलाव किया। शुरुआती महीनों में यह विदेशी निवेशकों के प्रवाह को समर्थन दे रहा है, जबकि रुपये की अस्थिरता ने हाल में निवेश प्रवाह को प्रभावित किया है।



### आरबीआई ने रेपो दर .25% घटाया

आरबीआई ने पिछले सप्ताह रेपो दर को 5.50% से घटाकर 5.25% कर दिया। नकद आरक्षित अनुपात 3% पर स्थिर रखा गया, जबकि स्थायी सुविधा दर को 5.25% से 5% किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि उच्च उपज अंतर और घरेलू खाद्य कीमतों पर नियंत्रण से निकट भविष्य में विदेशी निवेश को समर्थन मिलेगा और रुपये को मजबूती मिलने की संभावना है।

फिच ने चेताया


# विदेशी मुद्रा देनदारियों पर रुपये के कमजोर होने का खतरा

**नई दिल्ली।** वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि भारतीय कंपनियों को अपनी विदेशी मुद्रा देनदारियों को सही ढंग से कवर करना जरूरी है, वरना क्रेडिट रेटिंग पर दबाव बढ़ सकता है। विशेष रूप से नवीकरण ऊर्जा, पावर यूटिलिटी और टोल रोड जैसे क्षेत्रों में कंपनियां रुपये की तेज गिरावट के प्रति संवेदनशील हैं। फिच ने बताया कि यदि रुपया अगले 6-12 महीनों में 10% से अधिक कमजोर होता है, तो हेजिंग लागत बढ़ सकती है और कंपनियों की कर्ज चुकाने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। वहीं, टेक्नोलॉजी, फार्मा, ऑटो और बिल्डिंग मटेरियल सेक्टर के कई कंपनियां निर्यात या विदेशी कारोबार से डॉलर कमाती हैं।



# मेक्सिको ने 1400 से अधिक उत्पादों पर बढ़ाया टैरिफ

नई दिल्ली। मेक्सिको की संसद ने चीन और अन्य देशों से आयातिक 1,400 से अधिक उत्पादों पर टैरिफ वृद्धि को मंजूरी दे दी। इन देशों के साथ मेक्सिको के मुक्त व्यापार समझौते नहीं है। राष्ट्रपति क्लाउडिया शाइनबाम की सत्तारूढ़ मोरेना पार्टी ने घेरलू उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए टैरिफ को जरूरी बताया। विश्लेषकों का कहना है कि असली मकसद वाशिंगटन के साथ चल रही बातचीत है, जो मेक्सिको का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। शीनबाम ट्रंप प्रशासन द्वारा मेक्सिको के आयात पर लगाए गए शेष शुल्कों से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं।




### इन सामानों पर लगेगा 5 से 50 प्रतिशत टैरिफ

इसके तहत कपड़े, जूते, घरेलू उपकरण और फर्नीचर जैसी रोजमर्रा की उपभोक्ता वस्तुओं पर 5 से 50 प्रतिशत तक का शुल्क लगाया गया है। विशेष रूप से, एल यूनिवर्सल समाचार रिपोर्ट के अनुसार, इस अध्यादेश में ऑटो पार्ट्स, हल्की कारों, कपड़ों, प्लास्टिक, स्टील, घरेलू उपकरणों, खिलौनों, वस्त्रों, फर्नीचर, जूते, चमड़े के सामान, कागज और कार्डबोर्ड, मोटरसाइकिलों, एल्यूमीनियम, ट्रेलरों, कांच और साबुन, इत्र और सौंदर्य प्रसाधनों सहित विभिन्न वस्तुओं के आयात पर शुल्क निर्धारित किए गए हैं।

# मिच ने अर्धशतक जड़ दिलाई न्यूज़ीलैंड को बढ़त



- मेजबान टीम ने वेस्टइंडीज पर 73 रन की बढ़त लेने के बाद दूसरी पारी में 32 रन पर दो विकेट चटकाए
- मिच ने अपने ही मैच में खेली 61 रन की पारी

### नंबर गेम

- **8** साल में न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण करने वाले पहले विकेटकीपर हैं मिच हे
- **73** रन की साझेदारी मिच हे ने मिचेल के साथ पांचवें विकेट के लिए निभाई
- **12** विकेट कुल गिरे मैच के दूसरे दिन जिसमें से 11 तेज गेंदबाजों ने चटकाए

## दूसरा टेस्ट

एजेंसी | वेलिंगटन

वेलिंगटन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन न्यूजीलैंड के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज़ मिच हे ने अपने पहले ही टेस्ट में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने 61 रन की बेहतरीन पारी खेली और टीम की पारी को संभालने में अहम भूमिका निभाई।

मिच हे ने डेरिल मिचेल (25) के साथ पांचवें विकेट के लिए 73 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। इस साझेदारी ने न्यूजीलैंड को मजबूती दी और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

### न्यूजीलैंड को 73 रन की बढ़त

पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 278 रन बनाकर वेस्टइंडीज पर 73 रन की बढ़त हासिल कर ली। इससे पहले मेहमान टीम ने 205 रन बनाए थे। इस बढ़त ने मैच में न्यूजीलैंड की पकड़ मजबूत कर दी। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के पेसरों ने शुरुआत में ही दबदबा बना लिया। वेस्टइंडीज ने 32 रन तक दो विकेट गंवा दिए। स्टंप्स पर ब्रैंडन किंग 15 और केवम हॉज 3 रन पर नाबाद रहे।

### रे और डफी ने किए शुरुआती वार

माइकल रे ने जॉन कैंपबेल (14) की गिल्लियां बिखेर दीं, जबकि जैकब डफी ने नाइटवॉचमैन एंडरसन फिलिप को बिना खाता खोले एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। इससे विंडीज पर दबाव और बढ़ गया।

### कॉन्वे और विलियम्सन की उपयोगी पारियां

सुबह 24/0 से शुरू हुई न्यूजीलैंड की पारी में कप्तान टॉम लैथम (11) जल्दी आउट हुए। हालांकि डेवोन कॉन्वे ने 60 रन की पारी खेलकर 13वां टेस्ट अर्धशतक लगाया। पूर्व कप्तान केन विलियम्सन ने भी 37 रन का योगदान दिया।

दूसरे सत्र की शुरुआत में ही लगातार ओवरों में कॉन्वे और रचिन (5) आउट हुए, जिससे टीम 117/4 पर लड़खड़ा गई। इसके बाद मिच हे और मिचेल ने पारी को फिर से पटरी पर लाया।

### विंडीज गेंदबाज़ों का प्रदर्शन

वेस्टइंडीज की ओर से एंडरसन फिलिप सबसे सफल गेंदबाज़ रहे, जिन्होंने तीन विकेट लिए। केमार रोच ने दो विकेट चटकाए। ब्लेयर टिकनर चोट के चलते बल्लेबाज़ी करने नहीं उतरे!

# हालैंड ने बाएं पैर से पेनाल्टी पर गोल दाग मैनचेस्टर सिटी को जीत दिलाई

- चैंपियंस लीग के 15 बार के विजेता रियाल मैड्रिड को 2-1 से पराजित किया
- लीग में चौथी जीत के साथ चौथे स्थान पर पहुंची इर्लिंग की टीम



**मैनचेस्टर।** शानदार फॉर्म में चल रहे इर्लिंग हालैंड के दम पर मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियंस लीग फुटबॉल में 15 बार के रिकॉर्ड चैंपियन रियाल मैड्रिड को 2-1 से पराजित किया। नार्वे के इस 25 वर्षीय फुटबॉलर ने बुधवार रात को पेनाल्टी शूटआउट में बाएं पैर से दागे गए गोल से टीम को चौथी जीत दिलाई। उन्होंने इस प्रतिष्ठित लीग में 11 बार बाएं पैर से पेनाल्टी ली जिसमें से नौ बार गोल करने में सफल रहे।

### नंबर गेम

- **3** गोल हालैंड ने रियाल मैड्रिड के खिलाफ छह मुकाबलों में दागे हैं
- **35** गोल सिटी के लिए 32 मैचों में चैंपियंस लीग में कर चुके हैं इर्लिंग

### सिर्फ दो बार चूके

यह उनका लीग का 55वां गोल है। लीग में चौथी जीत से सिटी की टीम 13 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है। रियाल मैड्रिड को यह हार बढ़त बनाने के बाद मिली। रोड्रिगो ने 28वें मिनट में गोल कर रियाल मैड्रिड को बढ़त दिला दी थी। हालांकि सात मिनट बाद निको ओरेली (35वें मिनट) ने मैनचेस्टर सिटी को बराबरी दिला दी। आठ मिनट बाद हालैंड (43वें मिनट) के गोल ने सिटी की जीत सुनिश्चित कर दी। अपने स्टार खिलाड़ी काइलियन एम्बापे के बिना खेल रही रियाल मैड्रिड ने इसके बाद बराबरी के लिए पूरा जोर लगा दिया पर सिटी ने उसकी कोशिशों को कामयाब नहीं होने दिया। एम्बापे चोट के लिए बेंच पर बैठे थे।

### आर्सेनल ने क्लब ब्रुग को हराया

आर्सेनल ने क्लब ब्रुग को एकतरफा मुकाबले में 3-0 करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ टीम ने अपना विजय रथा भी जारी रखा है। आर्सेनल की ओर से नोनी मैडुके (25वें, 47वें मिनट) ने दो जबकि गैब्रियल मार्टिनेली (56वें मिनट) ने एक गोल किया। आर्सेनल (18 अंक) दूसरे स्थान पर चल रही बार्यन म्यूनिख (15 अंक) पर तीन अंकों की बढ़त बनाए हुए है। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) ने एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ मैच गोलरहित ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ से टीम 13 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। अन्य मैचों में इटली के चैंपियन नेपोली को बेनफिका से 2-0 से हार का सामना करना पड़ा। युवेंटस ने पाफोस को 2-0 से शिकस्त दी। रियाल मैड्रिड की यह लीग के छह मैचों में दूसरी हार है। टीम तालिका में 12 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है।

## न्यूज ब्रीफ

### टी-20 विश्व कप 2026
### सिर्फ 100 रुपये से शुरू होंगे मैच टिकट

**मुंबई।** टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने जा रहा है। 7 फरवरी से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के मुताबिक, गुरुवार (11 दिसंबर) से ऑनलाइन टिकट बेचे जाएंगे। दिलचस्प रूप से जिन मैचों में भारतीय टीम शामिल नहीं होगी, उन मैचों के सबसे सस्ते टिकट 100 रुपये के होंगे। UAE की टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली आखिरी टीम बनी थी।

### खिलाड़ियों की भूमिका से ज्यादा छेड़छाड़ करना सही नहीं: एबी डी विलियर्स

**जोहांसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डीवीलियर्स ने भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर के इस विचार से सहमति जताई कि वनडे प्रारूप में बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत की दक्षिण अफ्रीका पर 2-1 सीरीज जीत के बाद गंभीर द्वारा कही गई बात काफी हद तक सही लगती है। डीवीलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि उन्हें वनडे में बल्लेबाजी क्रम में बदलाव पसंद है, लेकिन खिलाड़ियों की भूमिकाओं के साथ अत्यधिक प्रयोग सही नहीं है।

# सिंधु और लक्ष्य भारतीय टीम में

## एशिया टीम चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी को बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। यह चैंपियनशिप तीन से आठ फरवरी तक चीन के किंगदाओ में होगी। भारत इस प्रतियोगिता के महिला वर्ग में गत चैंपियन है जबकि पुरुष टीम ने अतीत में दो कांस्य पदक जीते हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने कहा, रैंकिंग, प्रदर्शन और अनुभव के आधार पर चुनी गई महिला टीम की अगुवाई सिंधु करेंगी। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष खिलाड़ी होंगे। किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय, अमेरिकी ओपन विजेता आयुष शेट्टी और तरुण मन्नेपल्ली को भी जगह मिली है। टीम : पुरुषः लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी, किदांबी श्रीकांत, प्रणय एचएस, थारुन मन्नेपल्ली, सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय, साई प्रतीक के, हरिहरन अमसाकरुणन। महिला : पीवी सिंधु, उन्नति हुडा, तन्वी शर्मा, रक्षिता श्री संतोष रामराज, मालविका बंसोड़, त्रीसा जॉली, गायत्री गोपीचंद, प्रिया कोंजेंगबम, श्रुति मिश्रा, तनीषा क्रास्टो।

# सूर्यवंशी होंगे आकर्षण का केंद्र

## एशिया कप

**दुबई।** शुक्रवार से शुरू हो रहे वनडे अंडर-19 एशिया कप में भारतीय टीम के युवा सितारे वैभव सूर्यवंशी और आयु म्हात्रे मुख्य आकर्षण होंगे। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत यूएई के खिलाफ करेगी, लेकिन सभी की निगाहें पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले पर टिकी रहेंगी। इस मुकाबले को जूनियर महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अगले साल होने वाले विश्व कप की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है।

### खिताबी दावेदार भारत

भारतीय अंडर-19 टीम का लक्ष्य एशिया कप में बेहतरीन प्रदर्शन करना और विश्व कप के लिए मजबूत तैयारी करना है। कप्तान आयु म्हात्रे की अगुवाई में टीम में वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश सिंह और अन्य युवा खिलाड़ी शामिल हैं।



### युवा सितारों की शानदार फॉर्म

आयु म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी दोनों ही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बेहतरीन फॉर्म में नजर आए। म्हात्रे ने ग्रुप चरण में लगातार दो शतक और एक अर्धशतक जमाए, जबकि सूर्यवंशी महाराष्ट्र के खिलाफ टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी बने। उनकी यह शानदार प्रदर्शन भारतीय टीम को खिताब की दौड़ में मजबूत दावेदार बनाता है। भारतीय टीम में 15 खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें सूर्यवंशी और म्हात्रे सहित कई अनुभवी जूनियर खिलाड़ी हैं। तीनों प्रारूप में सीनियर स्तर पर इन दोनों ने 30 से अधिक मैच खेलकर कुल नौ शतक बनाए हैं, जबकि टीम के बाकी सात खिलाड़ियों ने मिलकर इतनी उपलब्धि हासिल नहीं की।

### नंबर गेम

- 2 मुकाबले हर दिन खेले जाएंगे
- 10 दिन तक चलेगा टूर्नामेंट
- 21 दिसंबर को फाइनल
- 15 मुकाबले खेले जाएंगे आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में

### भारत-पाक मुकाबले की राजनीतिक संवेदनाएँ

पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान यह देखने वाली बात होगी कि क्या भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) खिलाड़ियों को अपने पाकिस्तानी समकक्षों से हाथ मिलाने की अनुमति देगा या नहीं। पिछले सीनियर टूर्नामेंट्स में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार किया था। हालांकि अंडर-19 स्तर पर ICC की उम्मीद रहती है कि खेल में राजनीति को अलग रखा जाए और खेल भावना का पालन किया जाए।

# बॉलीवुड



# 'सितारे ज़मीन पर' की सफलता पर आमिर खान का बड़ा बयान



2025 में रिलीज़ हुई 'सितारे ज़मीन पर' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाते हुए कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। देशभर के दर्शकों ने न सिर्फ़ इस फ़िल्म को दिल से अपनाया, बल्कि इसके संवेदनशील विषय ने हर उम्र और वर्ग के लोगों को गहराई तक प्रभावित किया। आलोचकों ने भी इसे आमिर ख़ान की सबसे ईमानदार और प्रभावशाली फिल्मों में से एक बताया।

फ़िल्म की सफलता के बाद आमिर ख़ान ने इसके संदेश पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि 'सितारे ज़मीन पर' मनोरंजन से कहीं अधिक है, यह एक ऐसी सच्चाई को सामने लाती है, जिसे समाज अक्सर देखना नहीं चाहता। आमिर ने कहा, ₹यह फ़िल्म सिखाती है कि सामान्य और न्यूरोडाइवर्जेंट लोगों में फ़र्क नहीं करना चाहिए। हर इंसान बराबर है। भगवान ने हमें अलग बनाया है, लेकिन हर किसी की अपनी ताकत और कमजोरी होती है। यह कहानी बिना दिखावे, बिना सहानुभूति का बोझ डाले, हमें समझाती है कि हर व्यक्ति खुशी से जीने का अधिकार रखता है।


### समावेशन की सोच को आगे बढ़ाने की उम्मीद

जैसे-जैसे फ़िल्म को दर्शकों का प्यार मिल रहा है, आमिर को उम्मीद है कि यह कहानी समाज में समावेशन यानी सबको साथ लेकर चलने की सोच पर बड़ी और जरूरी बातचीत शुरू करेगी। वे चाहते हैं कि लोग एक-दूसरे की अलग-अलग विशेषताओं को सम्मान, समझ और करुणा के साथ स्वीकार करें। आमिर खान प्रोडक्शन्स ने इस फ़िल्म के जरिए 10 उभरते सितारों को लॉन्च किया है, आरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर। इन सभी की मौजूदगी ने फ़िल्म को और प्रभावी और जीवंत बनाया। बहुप्रतीक्षित यह फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई और आते ही दर्शकों की भावनाओं पर सीधे असर कर गई।

# 'धुरंधर' के सबसे कठिन शॉट पर अर्जुन रामपाल का खुलासा

आदित्य धर की निर्देशित फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर हर दिन नई ऊंचाइयों को छू रही है। फिल्म के गाने, एक्शन सीक्वेंस और दमदार कहानी ने सोशल मीडिया पर दर्शकों का खास ध्यान खींचा है। रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल की तिकड़ी ने इस फिल्म में अपने अभिनय से जान डाल दी है। लेकिन इसी दौरान अर्जुन ने एक खुलासा किया है, जिसने सभी को चौंका दिया।

एक फैन ने ऑनलाइन बातचीत के दौरान अर्जुन से पूछा, ₹26/11 वाला सीन बहुत प्रभावशाली था। एक भारतीय के रूप में आपको इसे करते समय कैसा लगा?₹ इस पर अर्जुन ने बिना झिझक कहा कि यह उनके करियर का सबसे मुश्किल और भावनात्मक रूप से थका देने वाला दृश्य था। उन्होंने बताया कि यह सीक्वेंस शूट करते समय जान हथेली पर आ गई थी, क्योंकि 26/11 का दर्द अब भी देश के हर नागरिक के दिल में ताजा है। इस घटना को पर्दे पर उतारना आसान नहीं था और यही वजह है कि इस दृश्य को शूट करते समय पूरी यूनिट में एक अलग ही सन्नाटा रहा।



'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल ने आईएसआई अधिकारी मेजर इकबाल का किरदार निभाया है, एक ऐसा शख्स जिसके इशारे पर सियासत की चालें चलती हैं। अक्षय खन्ना के बाद फिल्म में सबसे डराने वाला और प्रभावी किरदार अर्जुन का ही माना जा रहा है। 26/11 के हमले को दर्शाने वाले हिस्से में उनका अभिनय सबसे ज्यादा चर्चा में है। सोशल मीडिया पर लोग इसे फिल्म का सबसे शक्तिशाली और भावनात्मक दृश्य बता रहे हैं।


## आलिया भट्ट को मिला गोल्डन ग्लोब्स का सम्मान



अभिनेत्री आलिया भट्ट की लोकप्रियता केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर लगातार बढ़ रही है। इसी अंतरराष्ट्रीय पहचान का प्रमाण तब मिला जब वे सऊदी अरब में आयोजित रेड सी फिल्म फेस्टिवल के 5वें संस्करण में शामिल हुईं। इस भव्य आयोजन में आलिया को गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। फेस्टिवल में उनकी ग्लोबल मौजूदगी और प्रभाव ने उन्हें सबसे चर्चित हस्तियों में शामिल कर दिया। यह उपलब्धि न केवल उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि भारतीय फिल्म उद्योग के लिए भी गर्व का विषय बनी।

# 'छूमंतर' में नहीं दिखेंगी अनन्या पांडे

## कास्टिंग में नया ट्विस्ट



बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे इन दिनों अपने व्यस्त शेड्यूल और लगातार आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। एक तरफ वह कार्तिक आर्यन के साथ अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के प्रमोशन में पूरी तरह डूबी हुई हैं, जो इस क्रिसमस रिलीज होने जा रही है। दूसरी तरफ वह अमेजन प्राइम वीडियो की लोकप्रिय वेब सीरीज 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन की तैयारी में लगी हैं। लेकिन इसी बीच आई एक खबर ने उनके प्रशंसकों को निराश कर दिया है, अनन्या अब आगामी फिल्म 'छूमंतर' का हिस्सा नहीं रहेंगी।

एक सूत्र के अनुसार, फिल्म की शूटिंग जनवरी 2026 में शुरू होने वाली थी, जो सीधे-सीधे 'कॉल मी बे 2' के शूट शेड्यूल से टकरा रही थी। चूंकि वेब सीरीज की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है, इसलिए अनन्या और 'छूमंतर' के निर्माताओं ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। सूत्र ने बताया कि दोनों पक्षों ने भविष्य में साथ काम करने का वादा भी किया है।

### इन अभिनेत्रियों पर टिकीं निगाहें

अनन्या के फिल्म से बाहर होने के बाद कास्टिंग को लेकर काफी हलचल है। सूत्रों का कहना है कि पिछले हफ्ते तीन अभिनेत्रियों के साथ एक मॉक शूट भी किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जानकी बोडीवाला और श्रीलीला का नाम अब प्रमुखता से चर्चाओं में है, और उनमें से कोई एक अभय वर्मा के साथ इस फैंटेसी रोमांटिक ड्रामा में नजर आ सकती हैं। इस बीच, अनन्या की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा' 25 दिसंबर को बड़े पर्दे पर दस्तक देने के लिए तैयार है।

# यूपी समेत छह राज्यों में बढ़ाई गई एसआईआर की समयसीमा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने गुरुवार को 5 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश (UT) में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR यानी वोटर वेरिफिकेशन) की समयसीमा बढ़ा दी। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार में 18 दिसंबर तक फॉर्म भर सकेंगे। उत्तर प्रदेश में 26 दिसंबर, गुजरात और तमिलनाडु में 14 दिसंबर तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। पहले फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 11 दिसंबर थी। आयोग ने बताया कि गोवा, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के लिए समयसीमा गुरुवार को ही समाप्त होगी और ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 दिसंबर को पब्लिश की जाएगी। केरल में पहले ही अखिरी तारीख 18 दिसंबर कर दी

## एमपी-छत्तीसगढ़ में 18, यूपी में 26 दिसंबर तक भर सकेंगे फॉर्म

## बाकी राज्यों का ड्राफ्ट रोल 16 दिसंबर को पब्लिश होगा




### 30 नवंबर को SIR की डेडलाइन 7 दिन बढ़ाई

चुनाव आयोग ने 30 नवंबर को SIR की समयसीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया था। आयोग ने कहा था कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता जोड़ने-हटाने का एन्यूमरेशन पीरियड यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसंबर तक चलेगा, जो पहले 4 दिसंबर तक तय था। पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसंबर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसंबर को जारी किया जाएगा।

### अब तक 99 .24 प्रतिशत जनगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण हुआ

अब तक 99 .24 प्रतिशत जनगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण हो चुका है। इनमें से 18 .85 प्रतिशत (लगभग 2 .91 करोड़ प्रविष्टियां) अपुष्टर श्रेणी के अंतर्गत आती हैं, जिनमें 1 .27 करोड़ मतदाता शामिल हैं जो स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके हैं, लगभग 45 .95 लाख मतदाता जिनकी मृत्यु हो चुकी है, 23 .69 लाख डुप्लिकेट मतदाता, 9 .58 लाख जिन्होंने अपने फॉर्म वापस नहीं किए हैं, और 84 .73 लाख अनुपस्थित मतदाता शामिल हैं।

### जाति पंचायतों पर सरकार का शिकंजा

# हुक्का पानी किया बंद या सामाजिक बहिष्कार, तो जाना पड़ेगा जेल

## कर्नाटक में बिल पेश

**एजेंसी । बेंगलुरु**

कर्नाटक सरकार ने गुरुवार को विधानसभा में एक ऐसा विधेयक पेश किया है, जो खासकर जाति पंचायतों द्वारा किसी व्यक्ति या परिवारों या समूह के सामाजिक बहिष्कार या उसका हुक्का पानी बंद करने के फैसले या ऐसे कदम पर रोक लगाता है, और उसे अपराध घोषित करता है। इस विधेयक के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर तीन साल तक की जेल की सजा और एक लाख रुपये के जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। राज्य के समाज कल्याण मंत्री एच सी महादेवप्पा ने विधानसभा में 'कर्नाटक सामाजिक बहिष्कार (रोकथाम, निषेध और निवारण) विधेयक, 2025' पेश किया है, जिसमें सामाजिक बहिष्कार के 20 रूप बताए गए हैं। इन बहिष्कारों में किसी के साथ लेन-देन करने, उसके लिए काम करने या कारोबार करने से मना करना, मौके देने से मना करना, जिसमें सेवाओं तक पहुंच या सेवाएं के लिए अनुबंध के मौके भी शामिल किए गए हैं। इसके अलावा, किसी भी आधार पर सामाजिक, धार्मिक या सामुदायिक कार्यक्रमों, सभाओं, बैठकों या जुलूसों में भाग लेने से पीड़ित पक्ष को रोकना, उसका सामाजिक बहिष्कार करना, संबंध तोड़ना और अन्य कई बातें भी उसके अंतर्गत आती हैं।




### सामाजिक जीवन पर बुरा असर पड़ता है

विधेयक में कहा गया है कि यह देखा गया है कि राज्य में अलग-अलग समुदायों में अब भी जाति या समुदाय पंचायतों जैसी गैर-न्यायिक संस्थाओं द्वारा बहिष्कार, अलग-अलग सज़ा देना जैसे संवैधानिक तरीके चलन में हैं, जिसके कारण व्यक्तियों या समूहों को सम्मान के साथ जीवन जीने में बहुत परेशानी होती है। विधेयक में कहा गया है कि इसका समुदाय के सामाजिक जीवन पर बुरा असर पड़ता है और समाज में गलत भावना और मनमुटाव पैदा होता है। इसमें कहा गया है, ''इसलिए समाज से इन बुरी और गैर-संवैधानिक प्रथाओं को खत्म करना ज़रूरी है।''

### बृहत बेंगलुरु शासन (दूसरा संशोधन) 'विधेयक, 2025' भी पेश

सरकार ने विधानसभा में 'बृहत बेंगलुरु शासन (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025' भी पेश किया। उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार की ओर से मंत्री महादेवप्पा द्वारा पेश किया गया यह विधेयक वृहत बेंगलुरु शासन अधिनियम 2024 में संशोधन का प्रस्ताव करता है ताकि लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधानपरिषद के सदस्यों को 'ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी' के सदस्यों के रूप में शामिल किया जा सके।

## न्यूज़ ब्रीफ

### रोबोट ने इंसान को गोली मारी

**बीजिंग।** सनसनीखेज सोशल एक्सपेरिमेंट में एक यूट्यूबर ने यह दिखाया कि एआई द्वारा संचालित रोबोट के सुरक्षा प्रोटोकॉल को बायपास करना कितना आसान है। यूट्यूबर ने 'मैक्स' नामक चैटजीपीटी-पावर्ड रोबोट को तेज रफ्तार वाली बंदूक दी और उसे खुद को गोली मारने के लिए कहा। रोबोट ने शुरू में, अपने सुरक्षा फीचर्स का हवाला देते हुए, स्पष्ट रूप से मना कर दिया। हालांकि, जब यूट्यूबर ने रोबोट से एक ऐसे रोबोट की तरह रोल-प्ले करने के लिए कहा जो उसे गोली मारना चाहता है, तो रोबोट ने तुरंत सुरक्षा बाधाओं को बायपास कर दिया। रोबोट ने बंदूक तान दी और यूट्यूबर को गोली मार दी। यह घटना दिखाती है कि एआई सिस्टम में नैतिक और सुरक्षा प्रोटोकॉल कितने कमजोर हो सकते हैं, खासकर जब उन्हें किसी कल्पना वाली स्थिति में फंसाया जाता है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और एआई एथिक्स और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट ने प्रज्वल रेवन्ना की ट्रायल ट्रांसफर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व जेडी(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने दो लंबित बलात्कार मामलों की सुनवाई बंगलूरू की 81वीं अतिरिक्त सिटी सिविल एवं सेशंस कोर्ट से किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की थी। रेवन्ना ने दलील दी थी कि मौजूदा ट्रायल जज पहले ही उन्हें एक अन्य बलात्कार मामले में दोषी ठहरा चुके हैं, इसलिए उनके निष्पक्ष ट्रायल की संभावना कम है। हालांकि, सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची की पीठ ने कहा कि जज की टिप्पणियां रिकॉर्ड और कर्नाटक हाईकोर्ट के अवलोकनों के आधार पर थीं और इन्हें पक्षपात का आधार नहीं माना जा सकता।

### टीवीके ने विजय को सीएम उम्मीदवार घोषित किया

**चेन्नई।** तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके) ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित करते हुए अपने अध्यक्ष अभिनेता-से-राजनेता बने विजय को 2026 तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया। पार्टी ने उन सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया है जो विजय के नेतृत्व का समर्थन करना चाहते हैं, ताकि एक व्यापक गठबंधन बनाया जा सके। प्रस्ताव में कहा गया कि पार्टी अपने नेता विजय को पूर्ण अधिकार देती है कि वे गठबंधन से जुड़ी सभी अंतिम निर्णय लें। टीवीके की राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय बैठक में चार प्रस्ताव पारित हुए।

# अरुणाचल में ट्रक खाई में गिरा, 21 की मौत

### जिंदा बचा एक मजदूर 2 दिनों तक पैदल चलकर आर्मी कैंप पहुंचा, तब हादसे की जानकारी मिली

**एजेंसी । अनजॉ**

अरुणाचल प्रदेश के अनजॉ जिले के हयुलियांग इलाके में एक ट्रक 1000 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर समेत 21 की मौत हो गई। बचाव दल को 18 शव मिल चुके हैं। यह हादसा 8 दिसंबर का है। जानकारी गुरुवार को सामने आई। दरअसल, हादसे में एक व्यक्ति जीवित बचा था, जो दो दिन तक पैदल चलकर किसी तरह आर्मी कैंप तक पहुंचा। इसके बाद आज सुबह आर्मी के बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंची। टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में 10 से ज्यादा घंटे लगे।



### हादसा 8 दिसंबर की रात हुआ था

हादसे में घायल व्यक्ति खाई से मुश्किल से बाहर निकला और हयुलियांग-चगलगाम रोड पर पहुंचा। दो दिन तक पैदल चलकर दिसंबर की रात चिपरा GREF कैंप तक पहुंचा। यहां उसने जवानों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे वाली जगह चगलगाम से लगभग 12 किलोमीटर आगे पहाड़ी और घने जंगल वाला इलाका है। यहा बहुत कम ही आवाजाही होती है।

### घनी झाड़ियों में फंसा था ट्रक, आर्मी को खोजने में लगे 4 घंटे

आर्मी की रेस्क्यू टीमें रस्सी से खाई में उतरीं और करीब 4 घंटें की मशक्कत के बाद ट्रक तक पहुंची। दरअसल ट्रक खाई में घनी झाड़ियों में फंसा हुआ था, जिससे यह दूर से नजर नहीं आ रहा था। बचाव टीमों को 18 शव मिल चुके हैं, जिन्हें बेले रोप्स की मदद से ऊपर लाया जा रहा है। मौके पर बचाव टीमें, मेडिकल टीमें, GREF प्रतिनिधि, स्थानीय पुलिस और NDRF की टीमें मौजूद हैं।

# लूथरा ब्रदर्स की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने गोवा नाइट क्लब मामले के आरोपी लूथरा ब्रदर्स, गौरव और सौरभ लूथरा की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। दोनों भाईयों की ओर से अदालत में कहा गया था कि वे कानून का पालन करने वाले नागरिक हैं, टैक्स भरते हैं और उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। लूथरा भाइयों ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और कुछ दिनों के लिए प्रोटेक्शन की भी मांग की, साथ ही कहा कि वे जांच एजेंसी के साथ पूरी तरह सहयोग करना चाहते हैं। लूथरा ब्रदर्स के एडवोकेट तनवीर अहमद मीर ने अदालत में तर्क दिया कि दोनों भाई फुकेत में रहते हुए भी भारत में रोजगार प्रदान कर रहे हैं और उनके साथ उचित व्यवहार होना चाहिए। मीर ने केवल ट्रांजिट अंतरिम जमानत का अनुरोध किया और यह स्पष्ट किया कि वे डिस्चार्ज या जमानत के गुण-दोष पर बहस नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी जहां चाहेगी, वे वहां पेश होंगे। गोवा पुलिस ने मामले पर बयान जारी करते हुए बताया कि रोहिणी कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया।



## क्या आप जानते हैं?

# इंसानों ने 4 लाख साल पहले ही सीख लिया था आग जलाना

**एजेंसी । सफोक**

पहले माना जाता था कि मनुष्य ने आग जलाना लगभग 50 हजार साल पहले सीखा था, लेकिन अब सफोक (इंग्लैंड) के बार्नहम साइट पर मिले प्रमाण बताते हैं कि 4 लाख साल पहले (यानी अनुमानों से 3.5 लाख साल पहले) मनुष्य आग जला सकता था। यह खोज ब्रिटिश म्यूजियम और नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम, लंदन की संयुक्त टीम ने की है। आग प्राचीन निएंडरथल्स ने जलाई थी। यह हमारे अपने प्रजाति होमो शेपियंस के पूर्वज नहीं थे (क्योंकि हमारी प्रजाति उस समय अफ्रीका में ही थी), बल्कि ब्रिटेन में रहने वाले शुरुआती निएंडरथल्स थे। यानी निएंडरथल्स को भी आग जलाने की तकनीक बहुत पहले आ गई थी।



### वैज्ञानिकों को मिला सबूत

वैज्ञानिकों को 700 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान पर बार-बार गर्म की गई लाल मिट्टी का धब्बा और साथ ही आग से टूटी हुई हाथ की कुल्हाड़ियां मिली हैं, जो इस बात की पुष्टि करते हैं कि यह आग इंसानों द्वारा जलाई गई थी। आग पर नियंत्रण पाने की क्षमता को मानव इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण मोड़ माना जाता है, जिसने मानव विकास को बदल दिया, क्योंकि इसने भोजन पकाने, गर्मी और सामाजिक लाभ प्रदान किए। पहले के प्रमाण सिर्फ प्राकृतिक आग के इस्तेमाल के थे (10 लाख साल से भी पुराने), लेकिन स्वयं आग पैदा करने का यह सबसे पुराना पुख्ता सबूत है।

# पाकिस्तान के पूर्व आईएसआई चीफ को 14 साल की कैद



**पूर्व पीएम इमरान खान के करीबी माने जाते हैं फैज हमीद**

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने गुरुवार को पूर्व आईएसआई चीफ फैज हमीद को सैन्य कानूनों का उल्लंघन करने पर 14 साल के कैद की सजा सुनाई। यह जानकारी पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने दी।

### लगाए गए ये आरोप

उनके खिलाफ अगस्त 2024 में कोर्ट मार्शल की कार्रवाई शुरू हुई थी, जो करीब 15 महीने तक चली। फैज पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट का उल्लंघन कर देश के हितों को नुकसान पहुंचाने, सरकारी अधिकार और संसाधनों का दुरुपयोग करने और लोगों को नुकसान पहुंचाने के आरोप थे। सेना ने कहा कि कोर्ट ने सभी आरोपों में फैज को दोषी पाया है, हालांकि उन्हें फैसले के खिलाफ अपील करने का अधिकार भी दिया गया है।

### कौन हैं फैज हमीद?

फैज को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का करीबी माना जाता है। फैज हमीद पाकिस्तानी सेना के रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल हैं। उन्होंने साल 2019 से लेकर 2021 तक पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के डायरेक्टर जनरल के तौर पर भी काम किया है। फैज का जन्म पाकिस्तान के चकवाल के लतीफाल गांव में हुआ था। 1987 में वे पाकिस्तान मिलिट्री अकेडमी में शामिल हुए। फैज हमीद पाकिस्तान की सेना में पेशावर के कोर कमांडर भी रहे हैं।

# बांग्लादेश में आम चुनावों की घोषणा

**ढाका।** बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने गुरुवार को आम चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया। प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के हटाने के बाद के बाद देश में यह पहला चुनाव हो रहा है। बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ए ए म ए म नासिर उद्दीन ने गुरुवार को एलान किया कि बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को 13वां संसदीय चुनाव होगा। यह अगस्त 2024 में हिंसक छात्र विरोध प्रदर्शन में प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाए जाने के बाद पहला चुनाव होगा। बांग्लादेश फरवरी में आम चुनाव कराएगा। यह 2024 के छात्र-नेतृत्व वाले आंदोलन से शेख हसीना के हटने के बाद इस दक्षिण एशियाई देश पहला चुनाव होगा।

- 12 फरवरी को होगी वोटिंग
- 12.70 करोड़ मतदाता इस देश में
- 300 संसदीय सीटों के लिए एक साथ होगा मतदान

# फ्रेमक्राफ्ट 2025-कहानी से पर्दे तक का सफ़र

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

एनीमेशन और कहानी कहने की दुनिया में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए फ्रेमक्राफ्ट 2025 एक सुनहरा अवसर लेकर आया है। तीन दिनों तक चलने वाली इस विशेष और निःशुल्क वेबिनार सीरीज़ में देश के शीर्ष विशेषज्ञ अपने अनुभव और तकनीकी ज्ञान साझा करेंगे। कॉमिक निर्माण से लेकर स्टॉप मोशन, स्टोरीटेलिंग और कैरेक्टर डिज़ाइन तक—प्रतिभागी इस कार्यक्रम में उद्योग की बारीकियों को सीधे प्रोफेशनल्स से सीख सकेंगे।

**वेबिनार सत्रों की रूपरेखा**

13 दिसंबर । दोपहर 2:00–3:00 बजे
कॉमिक क्रिएशन — डायना फर्नांडिस
कॉमिक बनाने की बुनियादी प्रक्रिया, कैरेक्टर डेवलपमेंट और कहानी को विजुअल रूप देने की तकनीकों पर विस्तृत मार्गदर्शन।

15 दिसंबर । रात 8:30–9:30 बजे
स्टॉप मोशन और इंडस्ट्री फॉर्मेट्स — बिस्मार्क फर्नांडिस
स्टॉप मोशन एनीमेशन के प्रोसेस, उपयोग होने वाले उपकरणों और उद्योग में अपनाए जाने वाले मानकों पर विशेषज्ञ जानकारी।


16 दिसंबर । सुबह 9:30–10:45 बजे
स्टोरीटेलिंग एवं स्टोरीबोर्डिंग — नित्यान्शु शर्मा
बेहतरीन कहानी लिखने, सिनेमैटिक प्रस्तुति और प्रभावी स्टोरीबोर्ड तैयार करने के व्यावहारिक तरीकों की सीख।

16 दिसंबर । दोपहर 2:30–3:30 बजे
कैरेक्टर डिज़ाइन — सैवियो मास्कारेनहास
पात्रों को जीवन्त बनाने की कला, उनकी अभिव्यक्ति, व्यक्तित्व और डिज़ाइन संरचना पर गहन चर्चा।

युवाओं को उद्योग विशेषज्ञों से सीधे जुड़ने और एनीमेशन व स्टोरीटेलिंग के क्षेत्र की नवीनतम प्रवृत्तियों को समझने का यह एक दुर्लभ अवसर है। सभी सत्र पूरी तरह निःशुल्क हैं और सीमित सीटें उपलब्ध हैं।

रजिस्ट्रेशन के लिए लिंक पर क्लिक करें या QR कोड स्कैन करें:
**https://forms.gle/Gnx-wyi62sr3bTWDA9**

### एनीमेशन, स्टोरीटेलिंग और कॉमिक आर्टिस्ट्स के लिए 3-दिवसीय निःशुल्क वेबिनार सीरीज़




## मुआवजे की लड़ाई | ये मुस्कान ही हमारी असल कमाईः सीजेआई

# 23 साल तक इंसाफ के लिए भटकती रही विधवा, अब मिला मुआवजा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने 23 साल तक मुआवजे के लिए भटकती एक बिहार की विधवा को आखिरकार इंसाफ दिला दिया। रेल हादसे में पति की मौत के बाद मुआवज़ा पाने की उसकी लड़ाई लंबी और दर्दनाक रही, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद रेलवे ने 8.92 लाख रुपये उसकी बैंक खाते में भेज दिए। चीफ जस्टिस सूर्य कांत ने सुनवाई के दौरान कहा कि गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाना ही अदालत की असली कमाई है।



### 2002 का है मामला

यह मामला 2002 का है, जब बख्तियारपुर स्टेशन पर भारी भीड़ के कारण एक यात्री विजय सिंह ट्रेन से गिरकर मर गया। उसके बाद उसकी पत्नी संयोगिता देवी ने मुआवज़े का दावा किया, लेकिन रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल और पटना हाई कोर्ट ने उसका दावा ये कहकर खारिज कर दिया कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। इस फैसले के खिलाफ उसने सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया, जहां अदालत ने निचली अदालतों के फैसले को "तथ्यों के विपरीत और पूरी तरह कल्पना आधारित" बताते हुए खारिज कर दिया।

### लंबी कानूनी लड़ाई का अंत

अदालत ने 2023 में रेलवे को आदेश दिया कि महिला को दो महीने के भीतर चार लाख रुपये और छह प्रतिशत ब्याज के साथ मुआवज़ा दिया जाए। लेकिन महिला अपना पता बदल चुकी थी और उसका स्थानीय वकील भी गुजर चुका था, जिससे रेलवे उससे संपर्क नहीं कर पा रहा था। कई पत्र भेजे गए लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। आखिरकार रेलवे ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया कि आदेश का पालन करने में उन्हें स्थानीय स्तर पर भारी दिक्कत आ रही है।

# इंडिगो प्रभावित यात्रियों को देगी 10 हजार रुपये का वाउचर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो ने स्वीकार किया है कि तीन से पांच दिसंबर के बीच उड़ान सेवाएं रद्द होने से यात्रियों को असुविधा हुई। कंपनी ने गुरुवार को कहा कि ऐसे यात्रियों को कंपनी 10 हजार रुपये का यात्रा वाउचर देगी जिसका इस्तेमाल अगले 12 महीने में किया जा सकेगा। इंडिगो ने इसके साथ ये भी कहा है कि सरकार के



मौजूदा नियमों के तहत 24 घंटे के भीतर रद्द हुई उड़ानों के यात्रियों को फ्लाइट के ब्लॉक टाइम के आधार पर पांच से 10 हजार रुपये तक का मुआवजा भी दिया जाएगा। वाउचर इस मुआवजे के अतिरिक्त होगा।